सुविचार

परिस्थितियाँ जितनी ज्यादा आपको तोड़ती हैं.. उससे कहीं ज्यादा आपको मजबूत बना देती हैं..।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 23 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, सोमवार 21 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

### सीएम अशोक गहलोत का भाजपा पर तंज

# राजस्थान में 6 बार आ चुके पीएम मोदी, लेकिन इस बार राज नहीं रिवाज बदलेगा

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** देशभर में आज राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मोदी सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान आने पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी 6 बार राजस्थान आ चुके है। लेकिन, इस बार राज नहीं रिवाज बदलेगा। यानी राजस्थान में कांग्रेस सरकार फिर से रिपीट होगी। साथ ही नेहरू म्यूजियम का नाम बदले जाने पर भी पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। पीसीसी में पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजीव गांधी की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि राजीव गांधी ने देश को एक दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा की राजीव गांधी के साथ काम करने का अवसर मिला। गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं को आगे लाने का काम किया। इसलिए राजीव गाँधी ने 34 वर्ष की उम्र में मुझे पीसीसी का अध्यक्ष बना दिया। राजीव गांधी उपमहाद्वीप में शांति स्थापित करना चाहते थे। महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया। महिलाओं को चुनावों में आरक्षण दिया गया। रिसर्च करें तो उनके पांच साल के कार्यों में कई क्रांतिकारी फैसले सामने आएंगे, जो देखकर पीएम मोदी की आंखें खुलेगी।



### नेहरू म्यूजियम का नाम बदले जाने पर मोदी को घेरा

गहलोत ने पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन लोगों ने आजादी के लिए कई काम किया, जेल गए। देश के लिए जिन्होंने इतिहास बनाने का काम किया। प्रधानमंत्री उन सब को मिटाने का काम कर रहे। गहलोत ने दिल्ली में नेहरू के नाम से बने म्यूजियम का नाम बदलने के मामले को उठाते हुए कहा कि किसी भी पार्टी का पीएम हो ऐसी उम्मीद नहीं करता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आरएसएस, बीजेपी के दबाव में हो या खुद की सोच से यह कर रहे है, गलत है। मोदी जी देश के प्रधानमंत्री है किसी एक पार्टी या व्यक्ति विशेष के नहीं। पीएम देश के इतिहास में भागीदारी निभाएं। वार्ना इतिहासकार काले अक्षरों में यह लिखेंगे। गहलोत ने भाजपा और पीएम के कार्यों को फासिस्ट वादी सोच बताया।

### पीएम मोदी के राजस्थान दौरों को लेकर भी साधा निशाना

सीएम गहलोत ने पीएम मोदी के राजस्थान दौरों को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी राजस्थान में 6 बार आ चुके है। लेकिन राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को रिपीट करने का मन बना लिया है। गहलोत ने कहा कि जनता मई बात है चाहे कितना ही पैसा लगा दो रोड शो कर दो , मोदी, अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह सहित भाजपा के लोगो के लोगों के दिल में दर्द है कि कांग्रेस की सरकार गिरा नहीं पाए। देश में राजस्थान का मान सम्मान बढ़ा है। भाजपा के लोगो को राजीव गांधी के फैसलों को देखना चाहिए। गहलोत ने राहुल गांधी के लद्दाख को लेकर दिए गए बयान को लेकर कहा की दुनिया जानती है की लद्दाख में क्या हुआ चाइना को क्यों नाराज नहीं करना चाहते है ?

### गहलोत ने उठाया बॉन्ड के नाम पर चंदा लेने का मामले

भाजपा द्वारा बॉन्ड के नाम पर चंदा लेने के मामले पर गहलोत ने कहा कि भाजपा के लोग कितनी संख्या में बॉन्ड के नाम पर पैसे ले चुके है। सुप्रीम कोर्ट को देश हित में जल्द फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में देश में जहां जहां चुनाव आते है ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स भेजकर डर बनती है और बॉन्ड के जरिये चंदे ले रही। हमारे पास कोई संसाधन नहीं है उनके बगैर चुनाव लड़ेंगे। दावे के साथ कह सकते है कि मिशन 156 के लिए आगे बढ़ गए है। सरकार के फैसले जनता की भावना पर लिए गए है।

### सद्भावना दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी की जयंती

राजीव गांधी की जयंती आज सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। कांग्रेस की ओर से प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, पीसीसी मुख्यालय में आज पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया।

## तीन साल बाद पायलट को मिला पद, CWC मेंबर बनाया

**कांग्रेस की सुप्रीम बॉडी में राज. से 7 नेता शामिल**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी का ऐलान किया। राजस्थान से पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सहित 7 नेताओं को इसमें जगह दी गई है। सचिन पायलट को जुलाई 2020 के बाद अब पद दिया है। राजस्थान से एक मात्र मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को मेंबर बनाया है। कोर CWC के 39 मेंबर में राजस्थान से बनने वाले सदस्यों में सचिन पायलट, पूर्व सांसद जितेंद्र सिंह, जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय और अभिषेक मनु सिंघवी को शामिल हैं। हरीश चौधरी को पंजाब प्रभारी के तौर पर CWC में शामिल किया है। मोहन प्रकाश को CWC के 32 स्थायी आमंत्रित मेंबर्स में जगह दी है।उदयपुर के रहने वाले पवन खेड़ा को 9 विशेष आमंत्रित मेंबर्स में जगह दी गई है। राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सीडब्ल्यूसी में है।सीडब्ल्यूसी के मेंबर रहे रघुवीर मीणा को इस बार जगह नहीं मिली है। रघुवीर मीणा की जगह आदिवासी बेल्ट से जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को सीडब्ल्यूसी में लिया गया है। मालवीय को आदिवासी बेल्ट में जनाधार वाला नेता माना जाता है।

**पायलट को CWC मेंबर बनाने के बाद चचाओं पर विराम:** सचिन पायलट को तीन साल से ज्यादा समय बाद संगठन में पद दिया गया है। जुलाई 2020 में बगावत के बाद पायलट को डिप्टी सीएम और प्रदेशाध्यक्ष से हटा दिया था। इसके बाद से उन्हें कोई पद नहीं मिला था।

पायलट को जिम्मेदारी मिलने के बाद अब उन्हें लेकर चल रहे कयासों पर विराम लग गया है। पहले उनके कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनाने और राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने की चचाएं थीं। पायलट को कांग्रेस की सुप्रीम बॉडी में लेकर हाईकमान ने उन्हें अहमियत देने का भी मैसेज दे दिया है।

## टिकट की चाह वाले जिलाध्यक्षों पर गिरी गाज! BJP की नई टीम तैयार

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी लगातार अपनी टीम को मजबूत करने में जुटे हुए है। इसी कड़ी में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने एक बार फिर अपनी टीम में बदलाव किया है। उन्होंने शनिवार देर रात 8 जिलों के जिलाध्यक्ष बदल दिए। जिनमें जयपुर के 2 जिलाध्यक्ष भी शामिल है। जयपुर उत्तर में श्याम शर्मा और दक्षिण में राजेश गुर्जर को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है।



### क्यों बदले गए जिलाध्यक्ष ?

राजस्थान में मिशन फतेह के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। ऐसे में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष किसी भी तरह की गलती नही करना चाहते है। यही वजह है कि जो जिलाध्यक्ष अपने जिले में ठीक से काम नहीं कर रहे थे यानी निष्क्रिय थे। उन्हें समय रहते बदला गया है। यह भी कहा जा रहा है कि जिन जिलाध्यक्षों को बदला गया है, उनमें से कई ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में इनको जिला अध्यक्ष के पद से हटाया गया है। बता दें कि कुछ जिलों में जल्द ही कई जिलाध्यक्षों के बदलने जाने की संभावना है।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने निर्देश पर देर रात जारी लिस्ट के अनुसार चूरू में हरलाल सहारण, जयपुर दक्षिण में राजेश गुर्जर, जयपुर उत्तर में श्याम शर्मा, सीकर में पवन मोदी, धौलपुर में सत्येंद्र पाराशर, बांसवाड़ा में लाभचंद पटेल, नागौर शहर में रामनिवास सांखला और कोटा देहात में प्रेम नागर को कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया है।इसके अलावा बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की भी घोषणा की। बीजेपी की लिस्ट के मुताबिक धर्मवीर पुजारी को चूरू, रामचंद्र गुर्जर को जयपुर दक्षिण, जितेंद्र शर्मा को जयपुर उत्तर, इंदिरा चौधरी को सीकर, श्रवण कुमार शर्मा को धौलपुर, मोहना राम चौधरी को बांसवाड़ा, गोविंद सिंह राव को नागौर शहर और मुकुट बिहारी नागर को कोटा देहात में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

## छात्रसंघ चुनाव को लेकर अब छात्र राजनीति से निकले मंत्रियों से छात्र नेताओं ने लगाई गुहार, मिला आश्वासन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव को लेकर रविवार को भी राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं का धरना जारी है। इससे पहले छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका खारिज होने के बाद शनिवार को छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्षों से चुनाव करवाने की मांग को लेकर गुहार लगाई। इस पर मंत्री और विधायकों ने भी छात्रों की मांग का समर्थन कर मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर पुनर्विचार की मांग की।



**पायलट से भी मिले छात्र नेता:** वहीं, शनिवार रात उत्तम चौधरी समेत कई छात्र नेता राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के आवास पर पहुंचे। जहां पर प्रदेश के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट से मुलाकात कर छात्रसंघ चुनाव कराने की माग रखी। जिस पर पायलट ने आश्वासन दिया कि वो इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

डॉ. रामसिंह सामोता ने बताया कि शनिवार को राजस्थान विश्वविद्यालय और प्रदेश के विश्वविद्यालयों से छात्र राजनीति से निकले मंत्रियों व विधायकों से मुलाकात कर छात्र संघ चुनाव करवाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री हरीश चौधरी, मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, मंत्री महेश जोशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन से मुलाकात की

## हनुमानगढ़ में कार-पिकअप भिड़ंत, बीकानेर में ट्रैक्टर-ट्रॉली

### दो सड़क हादसों में चार दोस्तों सहित छ लोगों मौत

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानढ़ और बीकानेर जिले में हुए 2 भीषण सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसका नोहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। हादसे के बाद सड़क मार्ग बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। फिलहाल, पुलिस दोनों ही मामलों की जांच में जुटी हुई है।



पहला हादसा शनिवार रात 11 बजे हनुमानगढ़ जिले के नोहर क्षेत्र में हुआ। परलिका गांव के पास कार और पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल हो गया। घायल सचिन पुत्र कृष्ण का नोहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। गोगामेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक पांचों दोस्त हरियाणा के हिसार से नोहर के गोगामेड़ी मे धोक लगाने के लिए आए थे। गोगामेडी में धोक लगाने के बाद जब नोहर की तरफ आ रहे थे, तभी परलीका गांव के पास कार और पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

**हरियाणा के हिसार निवासी है मृतक:** पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान अनिल पुत्र केवल राम, सुरेंद्र पुत्र सुरजीत, कृष्ण पुत्र महेंद्र व राजेश पुत्र लालचंद के रूप में हुई है। ये सभी हरियाणा के हिसार निवासी बताए जा रहे है। हादसा इतना जर्बदस्त था कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद सड़क पर जाम के हालात बन गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर जाम खुलवाया। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। फिलहाल, गोगामेड़ी पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।



## जयपुर में निकली बूढ़ी तीज माता की सवारी, राजसी ठाठ-बाठ के साथ नगर भ्रमण पर निकली

जयपुर। जयपुर में धूमधाम के साथ आज बूढ़ी तीज की सवारी निकाली गई। जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने तीज माता की पूजा की। उसके बाद सवारी सिटी पैलेस की जनानी ड्योढ़ी से तालकटोरा के लिए राजसी ठाठ-बाठ के साथ रवाना हुई। इस दौरान तीज माता की सवारी निकलने से पहले कलाकार अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। एक कलाकार आमिर खान की फिल्म पीके के किरदार में पहुंचा। दरअसल, बूढ़ी तीज माता की सवारी जनाना ड्योढी से शुरू होकर त्रिपोलिया गेट, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए चौगान स्टेडियम से तालकटोरा पहुंची। तालकटोरा की पाल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। सवारी को देखने आने वाले पर्यटकों के बैठने के लिए टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से त्रिपोलिया गेट के सामने हिंदू होटल की दुकानों के ऊपर बैठने की व्यवस्था रही। इसमें अलग-अलग जोन बनाए गए।







तीज माता की सवारी देखने भीलवाड़ा से जयपुर पहुंची अक्षदा, पूर्वा और नेहा ने बताया- तीज की सवारी बहुत अच्छी लगी। ऐसा त्योहार पहले कभी नहीं देखा था। सिर्फ इंटरनेट से पता चला। देश के बाहर इंटरनेट पर ऐसी परेड देखते थे। पहली बार अपने देश में ऐसी सवारी देखी है। तीज माता की सवारी के आगे प्रसिद्ध कालबेलिया, गैर नृत्य, बहरूपिया, मशक वादन, कठपुतली नृत्य, कच्छी घोड़ी और अलग-अलग बैंड ग्रुप व अनेक लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

### 400 किलो चांदी की पालकी

महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने 1727 में तीज की सवारी भव्य लवाजमे के साथ निकालना शुरू किया था। तीज माता की भव्य मूर्ति यानी देवी पार्वती स्थायी रूप से सिटी पैलेस में ही रहती हैं। साल में 2 दिन तीज माता की सवारी निकलती है। सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर तीज माता कहा जाता है और सावन शुल्क पक्ष चतुर्थी को उन्हें 'बूढ़ी' (पुरानी या वरिष्ठ) तीज माता माना जाता है। चांदी की पालकी में तीज माता विराजमान होती हैं। पालकी का वजन करीब 400 किलो है।

| पूर्वानुमान> | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

# मिलेगा उपहार : जयपुर योगा लीग में तीन लाख के नकद पुरस्कार

## स्कूल स्तर पर योगाभ्यास को करेंगे प्रोत्साहित : जिला शिक्षा अधिकारी






सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/जनीश सिंह।** शहर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में चल रही 7वीं दो दिवसीय जयपुर योगा लीग के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र समारोह का शनिवार दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार हंस विशिष्ट अतिथि वैदिक वीरांगना दल की राष्ट्रीय संयोजिका दुर्गा शर्मा, जयपुर की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, बलवंत व्यायाम शाला के संचालक गुरु सुमेर सिंह, स्कूल शिक्षा जयपुर संभाग के उपनिदेशक विष्णु दत्त गुप्ता, सेंड ड्यून्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी राजेश शर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अतिथि देवो भव की सनातन परंपरा के तहत अतिथियों का स्वागत जयपुर योग लीग के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा, सचिव डॉ. अभिनव जोशी, विख्यात योगाचार्य ढाकाराम, पुणे से पधारे वरिष्ठ योगाचार्य चन्द्रकान्त पंधारे एवं योगापीस संस्थान के योग निदेशक मोटिवेशनल स्पीकर योगी मनीष भाई विजयवर्गीय ने किया। जयपुर योगा लीग के सचिव डॉ. अभिनव जोशी एवं योगाचार्य ढाकाराम ने बताया कि सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को नियमानुसार बारीकी से जांचते हुए विजेताओं का चयन करते हुए 3 लाख के प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### पधारे अतिथियों ने किया संबोधित

मुख्य अतिथि जयपुर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार हंस ने कहा कि 11 राज्यों के 500 से अधिक बच्चों का योगाभ्यास प्रस्तुति के लिए जयपुर आना सभी के लिए गौरव एवं प्रेरणादायक है हर स्कूल में योगाभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं प्रखर बुद्धि के द्वारा उन्हें लक्ष्य प्राप्ति में मदद मिले इस हेतु प्रयास करेंगे। दुर्गा शर्मा ने कहा वैदिक संस्कारों से युक्त शिक्षा प्रणाली एवं जीवन पद्धति आज की आवश्यकता है जिसमें जयपुर योगा लीग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि हम किसी को बदल नहीं सकते पर योग व्यक्ति को सर्वांगीण रुप से निखार देता है, चमका देता है। पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल ने जयपुर लीग के प्रयास को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि मैंने योगाचार्य ढाकाराम से योग सीखा है, उनका हमारे बीच होना गौरव की बात है। समारोह के मुख्य समन्वयक योगी मनीष भाई विजयवर्गीय ने समारोह का संचालन करते हुवे कहा कि जयपुर योग लीग का लक्ष्य देश भर के विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण एवं उन्हें प्रोत्साहन देते हुए मानवता एवं राष्ट्र सेवा है।

### विभिन्न राज्यों के बच्चों ने लिया भाग

समारोह में विभिन्न राज्यों के बच्चों द्वारा की गई योग में प्रस्तुतियो ने सभी अतिथियों को मंत्र मुग्द सा कर दिया। सत्र के समापन पर योग लीग के अध्यक्ष गोल्ड मेडलिस्ट डॉ सुरेंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 9 वर्षो से लगातार योगाभ्यास कि यह प्रतियोगिताएं हो रही है देशभर से रुझान एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है अगले वर्ष इसे विराट स्तर पर सब के सहयोग से आयोजित करेंगे।

### पंचाग

दिनांकः-21 अगस्त 2023 सोमवार

विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | पंचमी | 25:59:47 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | चित्रा | 30:30:23 |
| योग | शुभ | 22:18:50 |
| करण | बव | 13:14:09 |
| करण | बालव | 25:59:47 |
| चन्द्र राशि | कन्या | 17:29:08 |
| चन्द्र राशि | तुला | 17:29:08 |
| सूर्य राशि | सिंह | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:02:10 |
| सूर्यास्त | 18:57:34 | |
| चंद्रोदय | 10:01:16 | |
| चंद्रास्त | 21:44:50 | |
| राहू काल | 07:39 - 09:16 | |
| अभिजित | 12:05 - 12:57 | |
| | **शुभ चोघडिया** | |
| अमृत | 06:02 - 07:39 | शुभ |
| शुभ | 09:16 - 10:53 | शुभ |
| चर | 14:07 - 15:44 | शुभ |
| लाभ | 15:44 - 17:21 | शुभ |
| अमृत | 17:21 - 18:58 | शुभ |



**विशेष जानकारी:-**
नागपंचमी:-आज
वर्णषष्ठी :-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## हरित अभियान के अंतर्गत नरबदखेड़ा में किया पौधारोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर के सचिव महोदय के निदेर्शानुसार हरित अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायत नरबदखेड़ा में सेशन न्यायाधीश डॉ. जीतेन्द्र सांवरिया की अध्यक्षता में पौधारोपण कर हरित अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महावीर सिंह चारण, तहसीलदार मोहन सिंह राजावत, सरपंच आनन्द सिंह, पैनल लॉयर बलवंत सिंह चैहान के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे। तालुका अध्यक्ष सांवरिया ने कहा कि आज पूरा विश्व हर प्रकार के प्रदूषण से त्रस्त है, हमें सर्वप्रथम अपनी जीवनदायिनी हवा यानि ऑक्सीजन को बढ़ाना है, जिसमें पेड़-पौधों की अहम भूमिका होती है, यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पेड़ लगये तो हमें प्राणवायु मिल सकेगी । इस मौके पर सरपंच श्री आनन्द सिंह द्वारा ग्राम पंचायत में 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया, साथ ही उपस्थित ग्राम वासियों ने लगाए जाने वाले पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी का प्रण भी लिया ।

## श्री धर्मार्थ सहायता समिति बाड़ी का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया






सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** श्री धर्मार्थ सहायता समिति का सातवां स्थापना दिवस रविवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा बिजौली स्थित गौशाला पर गायों को रोटी एवं गुड खिलाया गया। इस कार्यक्रम के बाद वन विहार और लटिया वाले बाबा पर बंदरों के लिए केला एवं चना आदि भोजन करा कर बंदर सेवा की गई इसके साथ ही समिति के सदस्यों को प्राकृतिक स्थल सात क्यारी पर भ्रमण कराया गया। समिति के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों द्वारा जनहित कार्यों का प्रण लिया गया एवं समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोयल द्वारा बताया गया कि आगामी समय में आई कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इच्छापूर्ति फाउंडेशन से रामकुमार चौधरी एवं मुकेशपुरी का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोयल, मंत्री दिलीप मंगल, कोषाध्यक्ष श्रीभगवान मंगल, मिडिया प्रभारी योगेश गोयल, सतीश अग्रवाल, सुरेश बिंदल, अमित मंगल, राजकुमार गर्ग, बृज किशोर गर्ग, मुकेश गर्ग, हरदेव सरजी, किशोर मंगल, राजेश मंगल, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, प्रशांत, नैतिक, सृजन, मोहक, दिलजीत एवं महिला इकाई से हेमलता बंसल, सृष्टि गोयल, सीमा बंसल, अंजना मंगल, राधा बिंदल, बेबी, निशा गर्ग सुषमा सिंगल सुनीता देवी तन्नू उपस्थित रही ।

## आत्मनिर्भर महिलाओं का ड़ॉ. शानू यादव ने किया सम्मान





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़ ।** संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट जखराना व भावना बाल एवं पर्यावरण शिक्षा संस्थान खोहर के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविरों का सोमवार को समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शानू यादव प्रदेश सहसंयोजक महिला मोर्चा प्रशिक्षण रही। व विशिष्ट अतिथि मनीषा प्रजापति अध्यक्ष अर्पण महिला फाऊंडेशन ।संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट जखराना के द्वारा चलाए जा रहे दर्जनों गांवों में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। डॉ यादव ने बताया कि अपने ट्रस्ट के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्षेत्र के अनेकों गांव में सिलाई प्रशिक्षण एवं ब्यूटीशियन कोर्स के निःशुल्क केंद्र चलाए जा रहे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार एवं समाज का विकास मजबूती से कर सकती हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में जहां भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में उनकी जरूरत रहेगी उसमें संपूर्ण अपना सहयोग प्रदान करने की हर संभव कोशिश करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद संतोष शर्मा, विमला देवी, कमला देवी, रामकला देवी, पूर्व पार्षद अशोक यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम यादव, मीनाक्षी शर्मा, चिंटू शर्मा, मुकेश देवी सहित अन्य मौजद रहे।

## स्वर्गीय राजीव गांधीजी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा मीटिंग का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** स्वर्गीय राजीव गांधीजी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को जिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमें कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निदेर्शानुसार कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित के अध्यक्षता में धौलपुर जिले मे महिला जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमें महिला जिला अध्यक्ष के पद पर आरती शिवहरे को नियुक्त किया गया एवं मेन जिला कार्यकारिणी में महासचिव पद पर रोशनी शिवहरे को नियुक्त किया गया 1 इस मौके पर सभी लोगों का फूल माला पहनाकर पदाधिकारियों का स्वागत किया । तत्पश्चात पदाधिकारी ने कार्यकारिणी का विस्तार कर काम करने का शपथ ली । मीटिंग में जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष निजामुद्दीन खान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील कुरेशी, राजकुमार भारद्वाज, युवा कांग्रेस अजय मीणा, रामेंद्र मीणा, अनिल अरेला, प्रेम सिंह सरदार, मुकेश मेंबर, राकेश पहाड़िया, योगेश सेवादल, आर्यन राय एनएसयूआई, राजकुमार गुर्जर, विकास रावत कृपाल कुशवाहा एवं अन्य साथी गण उपस्थित रहे'

## इच्छापूर्ति फाउंडेशन के तत्वावधान मे टेकू चौधरी की बगीची हनुमान मंदिर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित







सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** इच्छापूर्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को टेकु चौधरी की बगीची हनुमान मंदिर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह मीना बाड़ी द्वारा की गई। मंच का संचालन अग्रवाल समाज के महामंत्री सतीश चंद्र द्वारा किया गया एवं विशिष्ट अतिथि सोहनसिंह मीणा धनोरा रहे। सावन माह के पवित्र महीने में वृक्षारोपण माननीय उप अधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर लगभग दो दर्जन पेड़ जिनमें शमी, बेलपत्र, आम, नींबू, अमरूद, गुलमोहर, पापी, कठेर, सफेदा, अशोक, मोगरा, चमेली, चांदनी, कनेर, सहित अनेक छायादार, फलदार एवं पुष्प के पेड़ लगाए गए। इस मौके पर अशोक बंसल, ? श्रीभगवान बंसल, कृष्ण मुरारी, बंसल ,मुकेश पुरी गोस्वामी, विदित बंसल, घनश्याम मीणा, किशोरी भटेले, हरिसिंह राजपूत, लोहेरे शिवहरे, विशंभर परमार एवं श्री धर्मार्थ सहायता समिति के सभी महिला एवं पुरुष इकाई के सदस्य मौजूद रहे। अंत में पौधारोपण के बाद इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामू चौधरी द्वारा निवर्तमान उप पुलिस अधीक्षक का माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर स्वागत किया ।तत्पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम में पधारे हुए सभी माता बहनों साथी लोगों का धन्यवाद प्रेषित किया ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## भाजपा मण्डल अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई





सितारा न्यूज नेटवर्क

**खंडेला(अरविन्द कुमार)।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्वानुसार खंडेला में अल्पकालीन प्रभारी एवं पटौदी (हरियाणा) विधायक सत्यप्रकाश जरावता के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व विधायक व पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय सोनगिरी बावड़ी पर खण्डेला विस्तारक, समस्त मण्डल अध्यक्ष, महामंत्रियों की बैठक ली गयी। बैठक में खंडेला की प्रतिक्षा पारीक को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में अल्पकालीन प्रभारी सत्यप्रकाश जरावता ने प्रत्येक मण्डल स्तर पर मण्डल कार्यकारिणी, मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक और पंचायतराज के जनप्रतिनिधियों की बैठक लेने के लिए रुपरेखा तैयार की गयी। बैठक में मण्डल अध्यक्ष गुलाबचन्द अग्रवाल, बलदेव सैनी, रंगलाल स्वामी, राजेन्द्र भातरा, कैलाशचन्द धायल, मण्डल उपाध्यक्ष शिशराम बिजारणियां, कालूराम पारीक, रींगस मण्डल प्रभारी रामकिशन सैनी, मण्डल महामंत्री दीपक बाजिया, राकेश मिश्रा, रामजीलाल मीणा, ललित हरिजन, कृष्ण पारीक मौजूद रहे।

सम्मान में की सभी को पुस्तकें भेंट

## शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना का हुआ सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बीकानेर।** अखिल आदिवासी मीणा महासभा राजस्थान, बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन बीकानेर व शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकंडरी टीचर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से मुरलीधर व्यास कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित करके शिक्षाविद् एवं राजस्थानी व हिन्दी भाषा की साहित्यकार डॉ.कांता मीना का सम्मान किया। डॉ.मीना द्वारा दो पुस्तकें कविता संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा का प्रकाशन हों चुका है व लेखन कार्य जारी है। डॉ.मीना स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम बीकानेर द्वारा शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिला स्तर पर सम्मानित हुई है। सम्मान समारोह में डॉ.मीना ने सभी को अपनी दोनों पुस्तकें भेंट की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने डॉ.मीना को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अखिल आदिवासी मीणा महासभा राजस्थान के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा,बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट हनुमान शर्मा,कोषाध्यक्ष एसएस शर्मा सत्यवीर जैन, एडवोकेट व कांग्रेस युवा नेता अंकुर शुक्ला,शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर बिश्नोई, जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी, जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा,जिला महामंत्री पवन शर्मा, जिला वरिष्ट उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव आदि मौजूद रहें।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने लक्ष्मणगढ क्षेत्र मे किया जनसम्पर्क

**आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार कर रहे है जनसम्पर्क**

**गहलोत सरकार की जनहित योजनाओं का कर रहे प्रचार-प्रसार**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने रविवार को आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के अनेक गांवो मे जनसम्पर्क किया और कांग्रेस सरकार की जनहित योजनाओ का प्रचार-प्रसार किया तथा सरकार की अच्छी जनहित योजनाओ के बारे मे आमजन को सविस्तार से समझाया।टोडा, कचावा, मलावली, खोहरा व ग्राम ढेकडा का बांस सहित दर्जनो गावो में जनसम्पर्क किया और लोगो के बीच मे जाकर मन दुख की बात की।रहमान खान, अरसद खां, अजरु दीन आदि गणमान्य लोगो से मुलाकात हुई व लक्ष्मणगढ़ शहर में सभी लोगों से सुख दुःख पर चर्चा की और भाईचारे की भावना पर चर्चा करते हुए इस बात पर विशेष रूप से निवेदन भी किया कि हम सभी हिन्दू-मुस्लिम भाईयो को हिलमिल कर प्यार से रहना चाहिए। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।



**जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया**

# विधायक बलजीत यादव ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण







सितारा न्यूज नेटवर्क

**प्रवीण यादव/बहरोड़।** विधायक बलजीत यादव ने रविवार को गांव रिवाली में विकास कार्यों का लोकार्पण कक्षा 10वीं एवं 12वीं में मेरिट आए छात्र-छात्राओं के द्वारा करवाया। उन्होंने सभी बालकों को अपने हाथ से फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं पढ़ाई को पूरी मेहनत से करने और जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को ओपन कैंपर गाड़ी में बिठा कर गांव के मुख्य रास्तों पर घुमाया। इस दौरान जगह जगह पर महिलाओं एवम बच्चों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। जिसके बाद गांव की मुख्य चौपाल पर उपस्थित जनसमूह ने उनका जयकारों से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्राम सरपंच राजकुमार उर्फ टिंकू यादव ने विधायक से श्मशान घाट की चारदीवारी एवं ढूंढारिया की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का बनवाने की मांग रखी जिस पर विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। विधायक ने ग्रामीणों से कहा की यह सड़क अब सीधी नगर परिषद बहरोड़ से आपके पूरे गांव को जोड़ देगी।

जिससे ग्रामीणों को बहरोड़ आने जाने में सुगमता रहेगी एवं गांव नगर परिषद का भाग बन जाने के बाद गांव को अनेकों फायदे भी मिलेंगे। उन्होंने साढ़े 4 साल में विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की अनेकों सौगात दी है । जनता जो जो समस्याएं बताती है वह उनको पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाते हैं। वहीं विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सबसे ज्यादा प्रश्न पूछने वाले नेताओं में उन्होंने टॉप में जगह बनाई है। वही विधायक ने अलवर सांसद बाबा बालक नाथ पर भी कटाक्ष पूर्ण व्यंग करते हुए कहा कि सांसद बहरोड़ के कुछ नेताओं को आर्थिक रूप से मदद देकर उनके खिलाफ माहौल बनवाने का काम कर रहे है और वे नेता गांव गांव जाते हैं लेकिन उनको गांव की चौपाल में सुनने वाले कोई इक्का-दुक्का लोग ही नजर आते हैं। ऐसे में उनके द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक और झूठी बातों में आम आदमी नही आने वाला है जनता सही और गलत में अंतर करना जानती है। वही दूसरी ओर पेपर लीक माफिया को आड़े हाथों लेते हुए कहा की वे युवाओं की पीड़ा को समझते हैं। उनके साथ हो रहे खिलवाड़ को बर्दास्त नही करेंगे। जिसके लिए पिछले दिनों राजस्थान की समस्त विधानसभाओं में सुबह से लेकर शाम तक पेपर लीक माफिया को जड़ से खत्म करने के लिए और सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए विधानसभाओं में दौड़ने का काम किया। जिससे सरकार पेपर लीक माफिया पर सख्त पाबंदी लगाकर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करे। आम जनता एवं युवाओं के मुद्दे उठाने में वे कभी पीछे नहीं रहेंगे। वे हमेशा जनता साथ रहे है। विधानसभा का कोई भी व्यक्ति जिसने वोट दिया हो या नही दिया हो सभी का काम किया है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सीताराम यादव उपाध्यक्ष विक्रम यादव ग्राम सरपंच राजकुमार उर्फ टिंकू यादव बख्तावर गुरुजी विजय शर्मा भूप सिंह यादव धीरसिंह यादव कृष्ण यादव अक्षय जांगिड़ सोनू जांगिड़ जलेसिंह यादव योगेश यादव उदय सिंह यादव भगत सिंह यादव मोनू जांगिड़ सिकंदर यादव नवीन यादव मुकेश यादव योगेश यादव मोहन शर्मा नरेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिम का सामान स्वीकृत

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्कूल में बनी जिम के रुपए स्वीकृत होने की बात कहीं । वहीं सरपंच ने कहा की जिम का सामान एक सप्ताह में खरीद लिया जाएगा। जिससे कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने खुशी प्रकट की एवं विधायक का आभार जताया।

### खेल मैदान से बिजली की लाइन हटाई जाएगी

गांव के खेल मैदान के बीचो-बीच जा रही बिजली की लाइन को हटवाने के लिए ग्राम सरपंच टिंकू यादव एवं ग्रामीणों ने विधायक से मांग रखी थी जिसको लेकर आज विधायक ने बिजली विभाग से लाइन को हटाने की स्वीकृति प्राप्त होने की बात कही । कुछ दिनों में सिफ्टिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया।

### विधायक का छोटे बच्चो ने बढ़-चढ़कर सम्मान किया

विधायक का चौपाल पर भव्य स्वागत होते देखकर वहां मौजूद छोटे बच्चों ने भी विधायक का फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया एवं उनके साथ फोटो खिंचवाई।

**बंशी दास स्वामी और हनुमान दास का किया सम्मान**

## किया सम्मान : दादूदयाल महासभा के कोषाध्यक्ष नियुक्ति पर किया स्वागत

**कमाण्डो नारायणसिंह नाथावत के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम**

सितारा न्यूज नेटवर्क





**हिंगोनियां।** श्री अखिल भारतीय दादूदयाल महासभा के कोषाध्यक्ष पद पर बंशी दास स्वामी महेशवास निवासी और हनुमान दास स्वामी निवासी छोटा मठ बैनिया का बास के मनोनित होने पर ग्रामवासियों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। कमाण्डो नारायणसिंह नाथावत ने बताया कि हनुमानदास महाराज ने गांव का मान बढ़ाया है। इस मौके पर नारायणसिंह, बजरंग सिंह(थानेदार), बाबुलाल, कैलाश, बजरंग दास, मदन लाल, रामकुमार, गोपालदास सहित कई लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## श्रीडूंगरगढ़ में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन शुरू

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** राजस्थान टेनिसबॉल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर 19, लड़के और लड़कियों दोनो वर्गो का बीकानेर जिला स्तरीय टेनिसबॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन हुआ।

आयोजन सचिव स्टार क्लब के मोहन पुनिया ने बताया कि अंडर 19 में लड़के और लड़कियों, दोनो वर्ग में खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्रीडूंगरगढ़ के दशहरे मैदान में आयोजित इस टूनार्मेंट में पूरे जिले से कुल 8 टीम ने भाग लिया। जिला संघ के सरंक्षक जाकिर कलाल ने बताया कि ये प्रतियोगिता स्टार क्लब के संयोजन में संपूर्ण हुई। लड़कियों में बादनु गांव की टीम ने बाजी मारी एव लड़को के वर्ग में बीकानेर टीम विजेता रही। संघ के बीकानेर जिलाध्यक्ष विमल भाटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे सलेक्शन कमेटी की ओर से बीकानेर करणी सिंह खेल स्टेडियम से आये ठक्र क्रिकेट कोच सेफ खान ने अंपायर की भूमिका निभाई। इसमे चयनित टीम आगामी माह में जयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। संघ सचिव रोशन अली छीम्पा ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान जिला संघ सरंक्षक जाकिर कलाल, मोहन पुनिया आदि ने खेल मैदान ओर खेल संबंधित व्यवस्थाये संभाली। इस दौरान सॉफ्टबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी महेश भाटी, राहुल वाल्मीकि, कृष्णावतार सुथार, विकास सिद्ध, प्रियका लेघा एव एसएफआई तहसील सचिव गोपी पुनिया मोजूद रहे।

## रैणी क्षेत्र में रात्रि के समय अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान

*देर रात लोड सैटिग के नाम से डेढ-डेढ़, दो-दो घंटे तक काट दी जाती है लाईटें, लाइट कटने से आमजन में सरकार के प्रति रोष*

**छोटे छोटे बालक मच्छर काटने से हो जाते है बिमारियो के शिकार, रातभर रोते चिल्लाते नजर आते है बच्चे**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र सहित सभी जगहो पर रात के टाइम देर रात मे अघोषित बिजली कटौती रैणी ,माचाडी, पिनान, पाटन, बैरेर, बबेली , खोहरा चौहान, डेरा जीएसएस सहित अन्य जीएसएस से जाने वाली गांवों में बिजली पिछले एक सप्ताह से रात के टाइम में दो-दो बार अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान है और जनता का सरकार के प्रति रोष , भीषण गर्मी के कारण लोगों को परेशानी हो रही है बिजली कटौती ने बढ़ा दी है मुश्किल ग्रामीणों के अनुसार बिजली की व्यवस्था के प्रति जनप्रतिनिधियों की अनदेखी है जबकि यह एक गंभीर समस्या है एवं बिजली कटौती के लिए जिम्मेदार अधिकारी को कई कई बार अवगत कराया गया मगर समस्या यथावत है बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है उमस भरी गर्मी और ऊपर से लगातार हो रही बिजली कटौती ने लोगों का जीना भी दुर्लभ कर दिया है , छोटे छोटे बच्चे मच्छर काटने से रातभर रोते चिल्लाते है और बिमार हो जाते है। रात 8:00 बजे से 10:00 तक बिजली गुल होने के बाद पता ही नहीं होता है बिजली दोबारा कब आएगी बस लोगों को अघोषित बिजली कटौती का भय बना रहता है व डर सताता रहता है बिजली न जाने कब गुल हो जाए बिजली कटौती के कारण लोगों को पूरी दिनचर्या खराब होकर रह जाती है उमस भरी गर्मी से छोटे बच्चे महिला और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है खासकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए बनाए गए शेड्यूल के अनुसार भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके कारण आजकल पड़ रही चिपचिपाती गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों को रात की नींद छीन लिया है अघोषित बिजली कटौती ने पेयजल आपूर्ति को भी बिगाड़ दिया है इधर विभागीय सूत्रों ने बताया कि लाइनों में फाल्ट में जीएसएस पर आई खराबी के कारण व्यवस्था बिगड़ जाती है किसानों को छः घंटे की जगह चार घंटे ही बिजली दी जा रही है और महिला पुरुष दिनभर खेती का काम करतें हैं और शाम को आठ बजे बिजली गुल हो जाती है जिससे बेचारे परेशान रहते हैं इसी तरह माचाडी जीएसएस से सबसे बुरा हाल है मन चाहे तब बिजली गुल हो जाती है।




रात मे 10 बजे या साढे दस बजे से 12 बजे तक भी लाईट नही आती है तो निन्द भी नही आती है और लोगो की निन्द पूरी नही होने के कारण मानसिक तनाव भी बढता है।

**कांग्रेस कार्यकताओं ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई जयंती**

# राजीव गांधी की 79वी जयंती पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम





सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। हरमाड़ा स्थित ढाका मैरिज गार्डन में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वी जयंती कांग्रेस कार्यकताओं ने सद्भावना दिवस के रुप में मनाई। इस दौरान श्रद्धांजलि समारोह उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान डागर डागर ने राजींव गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला ओर कहा आज देश में आई टी क्षेत्र में क्रांति, गांव - गांव ढाणी ढाणी तक कम्प्यूटर पहुचाने की सोच थी वह राजींव गांधी की थी उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट देने का अधिकार दिलाया था। कार्यकताओं ने राजींव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**ये रहे मौजूद :-** रामलाल डागर, हनुमान सहाय प्रधान, कमलेश शर्मा, देवकरण महला, मनिष गुलिया, डा. नरेश कुमार, सुरज्ञान मीणा, दीपक कटारिया, ललित चौधरी, भंवरलाल सैनी, जितेन्द्र सैनी, कजोडमल बुनकर, मुकेश प्रधान, रामचंद्र मीणा, चन्द्र प्रकाश डबरिया, हंसराज डबरिया, तेजपाल जाट दिलिप सिंह तँवर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर एक्शन जरूरी

भ्रष्टाचारमुक्त शासन व्यवस्था के वादे के बावजूद सरकारी महकमे में करप्शन की जड़ें गहरी होना चिंता की बात है। पीएम नरेंद्र मोदी की राजग सरकार भ्रष्टाचार व कालाधन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ वर्ष 2014 में सत्ता में आई थी। उससे पहले देश कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के समय के बड़े बड़े घोटाले से त्रस्त था, नित नए घोटाले उजागर हो रहे थे, आवाम सरकारी भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती थी। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में कालाधन का पता लगाने के लिए कमेटी गठित की थी। इससे लगा सरकार कालाधन व भ्रष्टाचार के खिलाफ गंभीर है। हालांकि आज नौ साल में भी सरकार की ओर से कालाधन पर कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं आया। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए डीबीटी को व्यापक रूप से लागू किया, इससे सरकारी भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगा, कालाधन से मुक्ति के लिए विमुद्रीकरण भी किया। जन कल्याण योजनाओं में भुगतान ऑनलाइन किया, इससे सरकारी धन के दुरुपयोग में कमी आई, लेकिन देश के सरकारी महकमे से भ्रष्टाचार का अंत नहीं हो सका है। अभी देश में सिस्टमैटिक भ्रष्टाचार के साथ-साथ व्यक्तिगत उत्कोच की जड़ें गहरी बनी हुई हैं। सरकारी खरीद में नीतियों के जरिए करप्शन है तो सरकारी दफ्तरों में सेवा के बदले व्यक्तिगत उत्कोच विद्यमान हैं। सरकारी प्रयास क्यों विफल हो रहे हैं, यह गहन अध्ययन का विषय है। हाल में कैग ने अपनी रिपोर्ट में भारतमाला प्रोजेक्ट में भारी भ्रष्टाचार को चिन्हित किया है। कैग ने अपने ऑडिट में एक सड़क प्रोजेक्ट में 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर के मंजूर बजट में असली खर्च 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर होने की बात पकड़ी है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी जांच कराने का भरोसा दिया है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने हाल ही में जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2022 में उसके पास 1.15 लाख भ्रष्टाचार की शिकायतें आईं। इनमें भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें गृह मंत्रालय, रेलवे, बैंक अधिकारियों के खिलाफ हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों में सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऐसी कुल 1,15,203 शिकायतें प्राप्त हुईं। सीवीसी की रिपोर्ट इस बात की स्पष्ट सबूत दे रही है कि सरकारी महकमे में भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की शिकायतों पर एक्शन ले रही है, मामलों का निपटान कर रही है। पिछले नौ साल में अनेक भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। भष्टाचार निरोधी एजेंसियां लगातार सरकारी सिस्टम में व्याप्त करप्शन के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, इसके बावजूद सरकार में पदासीन अधिकारियों-कर्मियों के भ्रष्ट आचरण पर अंकुश नहीं लग सका है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत करप्शन इंडेक्स में 85वें स्थान पर है।। देश में सरकारी सिस्टमैटिक भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 388 परियोजनाओं की लागत देरी और अन्य कारणों से जुलाई 2023 में तय अनुमान से 4.65 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। अमृतकाल में हमें विकसित भारत का निर्माण करना है तो इसकी नींव भ्रष्टाचारमुक्त शासन व्यवस्था ही हो सकती है। सरकार के हर महकमे को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने के लिए करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए कठोर एक्शन जरूरी है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# भारत में चीनी फंडिंग का सच

देश के 750 नामचीन लोगों ने न्यूजक्लिक के पक्ष में बयान जारी कर कहा है कि उसका उत्पीड़न हो रहा है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। उनके अनुसार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में न्यूजक्लिक के विरुद्ध किसी कानून का उल्लंघन करने की बात नहीं कही गई है। जिन लोगों ने न्यूज़क्लिक के समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं उनकी समाज में प्रतिष्ठा है। इसके साथ यह भी सच है कि इनमें से ज्यादातर का राजनीतिक एजेंडा एकपक्षीय राष्ट्रीय संघ, भाजपा और हिंदुत्व से घृणावाद और विरोधवाद फैलाना है। विरोध इनका अधिकार है, पर ये दुराग्रहों की सीमा पार कर जाते हैं कि आम व्यक्ति भी इनकी सोच पर संदेह व्यक्त करने लगता है।

देश के 750 नामचीन लोगों ने न्यूजक्लिक के पक्ष में बयान जारी कर कहा है कि उसका उत्पीड़न हो रहा है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। उनके अनुसार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में न्यूज़क्लिक के विरुद्ध किसी कानून का उल्लंघन करने की बात नहीं कही गई है। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह, इतिहासकार रोमिला थापर, जोया हसन, जयती घोष, हर्ष मंदर, अरुणा राय, एन राम, कॉलिन गोंजाल्विस, प्रशांत भूषण, आनंद पटवर्धन आदि शामिल हैं। एक लोकतांत्रिक खुले समाज एवं व्यवस्था में सरकार के समर्थक विरोधी, मध्यमार्गी, निष्पक्ष, सापेक्ष सभी प्रकार की अभिव्यक्ति के मंचों के लिए जगह होनी चाहिए। इसलिए न्यूजक्लिक अगर संगठन के रूप में आरएसएस, राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा और नरेंद्र मोदी सहित भाजपा सरकारों के विरोध को अपना एजेंडा बनाता है तो यह उसका अधिकार है, पर उसका वैचारिक विरोध होगा और होना भी चाहिए। अगर वह एजेंडा चलता है तो उसके विरुद्ध भी मान्य कानूनी तरीकों में एजेंडा चल सकता है, किंतु इसके आधार पर भारत सरकार या किसी प्रदेश सरकार की एजेंसियां उसके विरुद्ध कार्रवाई करे यह स्वीकार नहीं हो सकता। क्या न्यूजक्लिक कि विरोध वाकई उसके राजनीतिक एवं वैचारिक एजेंडे के कारण है?

जिन लोगों ने न्यूज़क्लिक के समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं उनकी समाज में प्रतिष्ठा है। इसके साथ यह भी सच है कि इनमें से ज्यादातर का राजनीतिक एजेंडा एकपक्षीय राष्ट्रीय संघ, भाजपा और हिंदुत्व से घृणावाद और विरोधवाद फैलाना है। विरोध इनका अधिकार है, पर ये दुराग्रहों की सीमा पार कर उस स्तर पर चले जाते हैं कि आम व्यक्ति भी इनकी सोच पर संदेह व्यक्त करने लगता है। इन्होंने इतना सच कहा है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खोजपूर्ण रिपोर्ट में न्यूज़क्लिक द्वारा भारत में कानून के उल्लंघन की बात नहीं लिखी है। इन्होंने यह तथ्य नहीं लिखा कि न्यूयॉर्क टाइम्स की छानबीन न्यूज़क्लिक पर न होकर इसके फाइनेंसर नेविले राय सिंघम, अमेरिका सहित विश्व भर में फैले मीडिया एवं गैर सरकारी संगठनों आदि के माध्यम से फैला उनका विस्तृत जाल तथा चीन के साथ उनके संबंध हैं। इन्हीं की चर्चा करते हुए न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत में न्यूज़क्लिक का उल्लेख किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स छानबीन की रिपोर्ट से साफ है कि सिंघम चीनी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए कई हजार करोड़ की फंडिंग कर रहे हैं और उसमें न्यूज़क्लिक भी शामिल है तो फिर इसे पाक साफ कैसे कहा जा सकता है? न्यूजक्लिक के मामले के दो पहलू है-वित्त पोषण के साथ चीनी एजेंडे का जुड़ाव और दूसरा इसमें भारतीय कानूनों का उल्लंघन। न्यूज़क्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड को 2018 से करीब 38 करोड रुपया सिंघम प्राप्त हुआ है। इसको जस्टिस एंड एजुकेशन फंड इंक, यूएस; जीएसपीएएन एलएलसी, यूएस; ट्राईकॉन्टिनेंटल लिमिटेड इंक, यूएसए के अलावा सेंट्रो पॉपुलर डेमिडास, ब्राजील से फंड मिला। न्यूयॉर्क टाइम्स लिखता है कि अमेरिकी अरबपति सिंघम की विश्वभर में चीन का बचाव करने और उसका प्रोपेगेंडा





आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका है और उनके पास भरपूर धन है। यह कैसे काम करता है इसका एक उदाहरण देखिए। कोल्ड वॉर ग्रुप के बारे में माना जाता था कि यह अमेरिका और ब्रिटिश एक्टिविस्टों का बिगड़ा हुआ समूह है। इसके अनेक प्रदर्शन होते थे। पिछले दिनों नवंबर 2021 में एशियाइयों के खिलाफ घृणा अपराध के विरोध प्रदर्शन में लंदन के चायना टाइम में कई सक्रिय समूहों में यह भी था। उसमें प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई तो लोगों को आश्चर्य हुआ। विरोध जताने वाले अधिकतर लोग चीनी थे। झगड़ा उस समय हुआ जब कोल्ड वॉर ग्रुप के लोगों ने हांगकांग में लोकतंत्र आंदोलन का समर्थन करने वाले एक्टिविस्टों पर हमला कर दिया। लोगों को समझ में नहीं आया कि अमेरिकी ब्रिटिश एक्टिविस्टों के लोग हमला क्यों कर रहे हैं। बाद में पता चला कि यह चीन का बचाव करने और उसका प्रोपगंडा चलाने वाला समूह है। सोचिए, नाम कोल्ड वॉर ग्रुप और काम क्या है? रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एंटीवर्ट समूह कोड पिंक में भी समय बीतने के साथ बदलाव आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स बताता है कि सिंघम के पास गैर-लाभकारी संगठन का इतने बड़े जाल है कि उनमें यह बात लगभग छुपी रही है कि वे चीन सरकार की मीडिया के साथ काम करते हैं। 69 वर्षीय सिंघम शिकागो में सॉफ्टवेयर कंसलटेंसी कंपनी थॉटवर्क्स चलाते हैं और शंघाई में बैठते हैं। वहां उनका नेटवर्क यूट्यूब पर एक शो आयोजित करता है। इसके लिए शंघाई का प्रोपोगंडा विभाग भी पैसा देता है। सिंघम ने बयान दिया कि वह चीन सरकार के निर्देश पर काम नहीं करते। सच यह है कि सिंघम के समूह चीन के पक्ष में अभियान के लिए यूट्यूब वीडियो बनाते हैं, राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स का मूल लक्ष्य भारत था ही नहीं। न्यूयॉर्क टाइम्स मूलतः अमेरिकियों को बता रहा है कि हमारे यहां किस तरह से चीनी एजेंडा चलाने वाला एक व्यक्ति अलग-अलग समूहों और सेल कंपनियों के माध्यम से काम कर रहा है। अमेरिका में सिंघम से जुड़ा कोई समूह विदेशी एजेंट रजिस्ट्रेशन कानून के तहत निबंधित नहीं है। अमेरिका में दूसरे देशों की ओर से जनमत को प्रभावित करने के अभियान चलाने वाले समूहों का निबंधन आवश्यक है। न्यूयॉर्क टाइम्स बता रहा है कि यह अखबार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की प्रशंसा में लिखता है। इसने स्पष्ट लिखा है कि नई दिल्ली में कॉरपोरेट्स फाइलिंग से पता लगा है कि सिंघम के नेटवर्क न्यूज़ साइट न्यूज़क्लिक को फाइनेंस किया है। ये समूह तालमेल से काम करते हैं। उन्होंने एक-दूसरे के कंटेंट सोशल मीडिया पर सैकड़ों बार पोस्ट की है।

यह है न्यूयॉर्क टाइम्स की छानबीन। हस्ताक्षर करने वाले नामचीन लोगों ने निश्चय ही रिपोर्ट को पढ़ा होगा। क्या इसके बाद कोई मानेगा कि सिंघम से जुड़ा कोई मीडिया संस्थान निष्पक्ष होकर काम करेगा? ईडी या प्रवर्तन निदेशालय की छानबीन से जो जानकारी सामने आई उसके अनुसार न्यूज पोर्टल को आए धन में से 52 लाख बप्पादित्या सिन्हा को दिए गए। बप्पादित्या सिन्हा कम्युनिस्ट नेताओं के ट्विटर हैंडल भी संभालते हैं। धन का एक हिस्सा गौतम नवलखा के पास गया। निश्चित रूप से ये भुगतान उनके लेख या रिपोर्ट आदि के लिए ही गया होगा। एजेंडा फैलाने वालों को इसी तरह भुगतान किया जाता है जिनमें कानूनी रूप से कोई खांच न रहे। यह देखना प्रवर्तन निदेशालय का काम है कि जो धन आए उनमें कानून और रिजर्व बैंक के नियमों का पालन हुआ या नहीं? न्यूजक्लिक ने अपने बयान में कहा कि उसने इनका पालन किया है। हो सकता है। कानूनी रूप से शायद गलत न भी हो, पर न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के बाद भी यदि भारतीय होने के नाते इसकी टीम को कोई समस्या नहीं है तो देश अवश्य इनसे प्रश्न करेगा? संघ, भाजपा व मोदी विरोध के नाम पर न्यूजक्लिक के पक्ष में हस्ताक्षर करने वालों, अभियान चलाने वालों से भी पूछा जाएगा कि क्या वे चीन के एजेंडे को सही मानते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कामाक्षी अम्मन मंदिर दिव्य देवी कामाक्षी को समर्पित है, जिन्हें प्रेम, प्रजनन क्षमता और शक्ति की हिंदू देवी पार्वती का अवतार माना जाता है। कामाक्षी अम्मन मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है, माना जाता है इस स्थान पर देवी सती की नाभि गिरी थी। कामाक्षी नाम में, 'का' अक्षर सरस्वती का प्रतिनिधित्व करता है, 'मां' लक्ष्मी का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि 'अक्षी' का अर्थ है आंखों को देखना।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

प्रत्यूष शर्मा



# परिवार की शान हैं बुजुर्ग

बालगंगाधर तिलक ने कहा था कि 'तुम्हें कब क्या करना है यह बताना बुद्धि का काम है, पर कैसे करना है यह अनुभव ही बता सकता है।' बुजुर्ग शब्द दिमाग में आते ही उम्र व विचारों से परिपक्व व्यक्ति की छवि सामने आती है। बुजुर्ग अनुभवों का वह खजाना है जो हमें जीवन पथ के कठिन मोड़ पर उचित दिशा निर्देश करते हैं। बुजुर्ग घर का मुखिया होता है इस कारण वह बच्चों को कोई गलत कार्य करते हुए देखते हैं तो सहन नहीं कर पाते हैं और उनके कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। जिसे बच्चे पसंद नहीं करते हैं, कई बार बच्चे बुजुर्गों की बातों को अनदेखा कर देते हैं। जिस बुजुर्ग ने अपनी परिवार रूपी बगिया के पौधों को अपने खून पसीने रूपी खाद से सींच कर पल्लवित किया होता है, इस व्यवहार से उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है। एक समय था जब बुजुर्ग को परिवार पर बोझ नहीं बल्कि मार्गदर्शक समझा जाता था, लेकिन आज वही छत अपनी सुरक्षा की तलाश में भटक रही है। टूटते संयुक्त परिवार, स्वार्थ की बढ़ती भावना, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का अवमूल्यन जैसे अनेक कारण हैं



जिनके कारण बुजुर्गों को आज परिवार में वो अहम स्थान नहीं मिल रहा जिनके वो असल में हकदार हैं। बुजुर्ग के घर में रहने से नौकरीपेशा माता-पिता बच्चों की देखभाल के प्रति निश्चिंत रहते हैं। बुजुर्गों में चिड़चिड़ाहट उनकी उम्र का तकाजा होता है। वे गलत बात बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं, इसलिए परिवार के सदस्यों को उनकी भावनाओं को समझकर ठंडे दिमाग से उनकी बात सुननी चाहिए। सदस्यों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई ऐसी बात न करें जो घर के बुजुर्गों को बुरी लगे। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार करने से घर में अशांति बनी रहती है। इस जीवन संध्या में उन्हें आदर व अपनेपन की जरूरत होती है। जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों को अपनो के प्यार की ज़रूरत होती है, वो चाहते हैं कि बच्चे कुछ समय हमारे साथ बिताएं। बच्चों की कुछ मज़बूरियां हो सकती हैं, विशेषकर उनकी जो देश-विदेश में रोज़गार के लिए बस गए हैं, लेकिन कुछ ऐसे परिवार भी हैं जिनके बच्चे उसी शहर, कई बार उसी घर में रहते हैं लेकिन उनके पास माता पिता से बात करने को छोड़कर हर चीज के लिए समय होता है। बच्चों का यह व्यवहार अक्सर इन बुजुर्गों की मानसिक पीड़ा का कारण बनता है। सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की पीड़ा का दर्द भोगते इन बुजुर्गों की स्थिति सचमुच शोचनीय है। आज के व्यस्त दौर में हम अपने बुजुर्गों की सलाह लेना भूल ही गए हैं। पहले दादी-नानी की कहानियों में साहस के साथ-साथ संदेश भी होता था। उन कहानियों का उद्देश्य बच्चों को मात्र खुश करना नहीं था बल्कि हमें संस्कार, रीति- रिवाज, और आदरभाव की ओर अग्रसित करना था। जो बच्चा आज अपने बुजुर्गों के साथ बैठकर उनसे संस्कार ग्रहण करता है वह जीवन में कभी असफल नहीं होता। हमें थोड़ा सा समय निकाल कर बुजुर्गों की सेवा में लगाना चाहिए और उनकी सीख पर ध्यान देते हुए उनके दिए संस्कारों को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए।

(लेखक फ्रीलांस राइटर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं। व्यसनग्रस्त माता-पिता की संतान यदि दुर्व्यसनों की आदि हो जाती है तो कसूरवार उनकी संतान कैसे हो सकती है।


# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### आयुष्मान योजना का लाभ सभी को नहीं मिलता

केंद्र सरकार की गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही है। सरकार ने इस योजना को लागू कर गरीब लोगों को महंगे इलाज से मुक्ति दिलाने के लिए एक अच्छी पहल की है। बहुत से गरीब लोग इसका लाभ ले चुके हैं, बहुत से ले रहे होंगे और भविष्य में बहुतेरे लेंगे भी। हमारे देश में गरीबी बहुत है, इसलिए सरकार को ऐसी योजनाएं समय-समय पर अमल में लानी ही चाहिए। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी गरीबों को मिल रहा होगा, और दूसरा समृद्ध लोग भी इसका फायदा देश में फैले भ्रष्टाचार के कारण जरूर ले रहे होंगे। कुछ समय पहले पंजाब में बुढ़ापा पेंशन फर्जीवाड़ा सामने आया था। और भी फर्जीवाड़े सामने आए हैं।

*- मुकेश गुप्ता, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### राष्ट्रीय राजमार्ग अच्छे हुए



राष्ट्रीय राजमार्ग अच्छे होने के कारण उस पर आवागमन बढ़ा है। गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के साथ साथ सड़क दुर्घटना रोकना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दिशा में कई स्तर पर प्रयास चल रहे हैं और उसके सार्थक परिणाम भी आए हैं।

**-नितिन गड़करी, केंद्रीय मंत्री**


### संसार में कुछ स्थायी नहीं



सत्यान्वेषी सुख-दुख, मान-अपमान, हानि-लाभ, जय-पराजय, यश-अपयश आदि बाह्य आवेगों से प्रभावित नही होते। यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है, यहां कुछ भी स्थायी नही है। इस मरणधर्मा जगत के सभी वस्तु-पदार्थ भी नाशवान है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### हिमाचल में ट्रेजिडी से दुःखी



पिछले कुछ दिनों से हिमाचल में प्रकृति के प्रकोप के वीडियो देख रहा हूं। मन बेहद विचलित है। इस ट्रेजडी से बहुत सारे लोगों का नुक़सान हुआ है। किसी ने अपना घर खोया है तो किसी ने अपने जानवर। मेरी सभी से प्रार्थना है कि लोगों की मदद करें।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

### नियम का विरोध क्यों




डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखने के नियम का विरोध क्यों कर रहे हैं? क्या एनएमसी ने लाखों चिकित्सा प्रतिनिधि नौकरियों को ध्यान में रखा है जो खत्म हो जाएंगी? क्या एनएमसी ने एनपीपीए और मूल्य नियंत्रण को ध्यान में रखा है?

**-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति**




## करंट अफेयर


# निकारागुआ के अधिकारियों का अमेरिका ने वीजा किया रद्द




अमेरिका के विदेश विभाग ने निकारागुआ के राष्ट्रपति डेनियल ओर्टेगा की सरकार का समर्थन करने के लिए मध्य अमेरिकी देश के 100 से अधिक अधिकारियों पर शनिवार को वीजा पाबंदियां लगायीं। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि उनके कार्यालय ने 'निकारागुआ के उन 100 अधिकारियों पर वीजा पाबंदियां लगाने के लिए कदम उठाए हैं जिन्होंने निकारागुआ के नागरिकों के मानव अधिकारों का दमन किया और लोकतंत्र को कमजोर किया।' उन्होंने कहा, 'हम सरकार से बिशप रोलैंडो अल्वारेज तथा अनुचित तरीके से हिरासत में लिए सभी लोगों को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा करने की मांग करते हैं।' निकारागुआ सरकार के कटु आलोचक बिशप रोलैंडो अल्वारेज को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की कथित तौर पर मदद करने के लिए ओर्टेगा सरकार ने जेल में डाल दिया है। उन्हें 26 साल की सजा सुनायी गयी है। ओर्टेगा ने 2021 के चुनाव में लगातार चौथी बार जीतने के लिए विपक्ष के कई नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने पहले भी निकारागुआ के शीर्ष अधिकारियों के साथ ही विपक्षी नेताओं तथा सांसदों को सजा सुनाने वाले न्यायाधीशों के वीजा रद्द किए थे।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है



नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को किया याद



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)**पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस पर दांतारामगढ़ विधायक वीरेंद्र सिंह व राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा अपने-अपने कार्यकताओं के साथ दांतारामगढ़ स्थित राजीव गांधी सर्किल पहुंचे और राजीव गांधी को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

विधायक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही राजीव गांधी सर्किल का जीर्णोद्धार करके एक भव्य विशाल मूर्ति लगाई जाएगी। वही राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने राजीव गांधी की मूर्ति की साफ सफाई करते हुए उनके विचारों को नमन किया। इस मौके पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष पूरण मल लावट, सरपंच प्रतिनिधि रतन लाल यादव, श्योजी राम बुरडक, शंकर दयाल स्वामी ,पिंटू जाखड़ ,फूलचंद रेगर ,विपिन वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

*समाज के लोगों ने किया स्वागत*

## अखिल भारतीय श्री खाण्डल विप्र महासभा के जोशी बने शाखा अध्यक्ष



सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी।(विनोद धायल)** कस्बे के कालूराम जोशी को अखिल भारतीय श्री खाण्डल विप्र महासभा को खाटूश्यामजी शाखा अध्यक्ष बनाया गया है।कालूराम जोशी महासभा व प्रदेश के संविधान के अनुसार समाज को संगठित करने के लिए कार्य करेंगे। जोशी के अध्यक्ष बनने पर समाज के गणमान्य लोगों ने उनका माला पहनाकर व श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया गया।इस अवसर पर रामकिशन शर्मा, विजय पुजारी,कैलाश चंद्र माटोलिया, बेनी प्रसाद जोशी,रामावतार जोशी,गोरीशकर जोशी आशुतोष शर्मा, श्याम सुंदर पीपलवा, खाटु धाम व्यापार मंडल के मंत्री सोनू जोशी,पुरुषोत्तम, राजू जोशी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

## नीमेड़ा में वरिष्ठ जनों का हुआ सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम नीमेड़ा की गोल्डी जोहड़ी में टीम सुभाष मील द्वारा वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव प्रत्याशी रहे सुभाष मील द्वारा बुजुर्ग महिला पुरुषों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।कांग्रेस नेता मील ने संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान माताओं-बहनों की सुरक्षा का संकल्प है जो मेरे द्वारा एक भाई व बेटा बनकर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद विशाल जनसमूह ने एक स्वर में सुभाष मील के जनहित के कार्यों को देखते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में सहयोग और आशीर्वाद देने का एलान किया। कांग्रेस नेता सुभाष मील ने भी जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जीवन पर्यन्त आपके मान-सम्मान में कमी नहीं आने दूंगा। समारोह में मंचस्थ लोगों ने टीम सुभाष मील द्वारा कोरोना काल में राशन कीट बांटकर व ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवाकर किए गए सेवा कार्यों सहित लंपी बीमारी में भी गौ सेवा के कार्यों से आमजन को अवगत कराया। बुजुर्गों ने कहा कि वर्षों से खंडेला विधानसभा में राजनीति कर रहे परिवार राजनीति को अपनी बपौती समझने लग गये, वहीं परिवार वाद और वंशवाद की राजनीति करके अपने पुत्रों का राजनीतिक भविष्य बनाने में लगे हुए हैं लेकिन अब खंडेला की जनता ने भी मानस बना लिया है कि खंडेला में बदलाव करके परिवार वाद की राजनीति का अंत कर देगी। इस दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्र के बुजुर्ग महिला पुरुषों सहित टीम सुभाष मील के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

*गांव का बढाया मान किया सम्मान*

## मिली पदोन्नति : कर्नल जितेन्द्र सिंह नाथावत बने ब्रिगेडियर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** कस्बें के राजस्व ग्राम बैनिया का बास के कर्नल जितेन्द्र सिंह नाथावत के ब्रिगेडियर पद पर क्रमोन्नत होकर गांव का मान बढ़ाया। नाथावत के ब्रिगेडियर बनने पर बधाईयां व शुभकामनाएं देकर सम्मान किया एवं ग्रामवासियों में खुशी का माहौल बना रहा। देवेन्द्र सिंह नाथावत ने बताया कि ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह के पिता स्व. जगदीशसिंह भी कैप्टन थे। उन्होने बताया कि अभी 4 कौर असम अरूणाचल प्रदेश में सेवाएं प्रदान कर रहें हैं। इनको इससे पूर्व भी इन्हें सेना मेडल व अन्य कई विशिष्ट सम्मानों से सम्मानित किया गया।




*आगामी विधानसभा चुनावों के मध्य नजर*

# जनता की आवाज, कांग्रेस के कार्यकताओं की आवाज सुनने पहुंचे है चौमूं : आर.सी.चौधरी

**कांग्रेस के सीकर लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक पहुंचे चौमूं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ली मिटिंग**

### प्रदेश की गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कांग्रेस कार्यकताओं को करवाए रूबरू







सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** आगामी विधानसभा चुनावों के मध्य नजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सीकर लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक रविवार शाम चौमूं पहुंचे ।जहां शहर के एक निजी गार्डन में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग में लोकसभा एआईसीसी पर्यवेक्षक अमित मलिक, संभाग प्रभारी रमेश खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव जयपुर ग्रामीण प्रभारी आर.सी. चौधरी, जयपुर जिला देहात अध्यक्ष व विधायक गोपाल मीणा, सीकर जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला, विधानसभा प्रभारी तारा बेनीवाल सहित अन्य पर्यवेक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर एआईसीसी पर्यवेक्षक अमित मलिक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश की गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से रुबरु करवाया ।उन्होने कहा कि पार्टी के आलाकमान के निर्देश पर हर विधानसभा स्तर पर जाकर कार्यकताओं से फीडबैक लिया जा रहा है। जो भी पार्टी कार्यकर्ता पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है, और पार्टी की टिकट मिलने पर जीत दर्ज कर सकें ऐसे उम्मीदवार को मौका दिया जाएगा।इस दौरान चौमूं विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता मीटिंग में भाग लेने के लिए पहुंचे। जहां पर्यवेक्षकों द्वारा सभी कार्यकताओं से फीडबैक लिया गया है।जिसकी रिपोर्ट पर्यवेक्षकों द्वारा आलाकमान को सौंपी जाएगी।

पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में कार्यकताओं को बताते हुए कहा कि 25 लाख रुपए की चिरंजीवी बीमा योजना के तहत आज हर व्यक्ति के लिए अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं दुर्घटना बीमा भी 10 लाख रुपए है।इस दौरान पर्यवेक्षकों ने सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ राशन फूड पेकेट योजना, मुफ्त बिजली योजना, महिलाओं के लिए फ्री स्मार्ट फोन सहित अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश कि गहलोत सरकार आम जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धर्म जाति मजहब से ऊपर उठकर आमजनता को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं से जोड़ा है ।जिससे प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है ।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव ललित तुनवाल, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, कांग्रेस प्रदेश ओबीसी विभाग सचिव कैलाश राज सैनी, डॉ हनुमान बराला, पीसीसी प्रदेश सचिव डॉ शिखा मील, पूर्व प्रधान लालचंद सेरावत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंशीधर सैनी, एआईसीसी सदस्य रुक्ष्मणी कुमारी, रमेश शर्मा, एडवोकेट बीनू शर्मा, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, डॉ रामनारायण यादव, राजीव सीबी यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय, पार्षद धीरेंद्र सैनी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद मिश्रा, डॉ. जेपी सैनी, सिया शरण शर्मा सहित कांग्रेस के अन्य संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला जयपुर उत्तर के नवनियुक्त भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा मीडिया से हुए रूबरू

**भाजपा की जीत का मूल-मंत्र है 'बूथ विजय' : कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** भाजपा जिला जयपुर उत्तर के नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि इसी चुनावी वर्ष में विधानसभा चुनाव है एवं अगले वर्ष ही लोकसभा चुनाव भी है इन दोनों महत्वपूर्ण चुनावों को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो मुझे जयपुर देहात के कार्यकारी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसके लिए मैं सबसे पहले भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर यह विश्वास जताया है ।भाजपा की कार्यकारी योजना के बारे में बताते हुए जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा ने कल कहा कि भाजपा की कार्यकारी योजना बूथ पर डिपेंड है अर्थात जितनी भी विधानसभाएं है उनके प्रत्येक बूथ पर हमारे कार्यकर्ता अपने पक्ष में 50% + वोटिंग किस तरह अपने पक्ष में करवा सकता है उसकी योजना पार्टी द्वारा तैयार कर ली गई है और नीचे तक की योजना तैयार की गई है बूथ, बूथ के बाद पन्ना प्रमुख । पन्ना प्रमुख में भी ये मान के चलिए कि एक पन्ने पर दो प्रमुख अर्थात प्रत्येक 30 वोटो के ऊपर भाजपा का एक कार्यकर्ता प्रभारी होगा ।प्रदेश भाजपा ने जीत का अचूक मंत्र "बूथ विजय " अपना लिया है । आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा निश्चित ही ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए पूरे राजस्थान में भारी बहुमत से सीटें जीत कर राजस्थान में सरकार बनाएगी ।विधानसभा चुनावों में विधायक प्रत्याशी के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और इस लोकतांत्रिक देश में टिकट मांगने का अधिकार सभी को है चाय फिर को विश्राम हाउस किया कोई ओर टिकट मांगने का अधिकार सभी को है और चुनाव लड़ने का भी ।हमारी पार्टी लोकतंत्रिक पार्टी है परिवार वादी पार्टी नहीं ।पर जब पार्टी किसी एक व्यक्ति को टिकट दे देती है तब भाजपा के कार्यकर्ता कमल का सिंबल लाने वाले व्यक्ति को जीताने में परिवार की तरह एकजुट होकर प्रयास करते है । और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है ।

**प्रदेश भाजपा ने की कार्यकारी जिलाध्यक्षों की घोषणा...**

### श्याम शर्मा बने जयपुर उत्तर भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार भाजपा कार्यकारी जिला अध्यक्षों की शनिवार को घोषणा की गई ।प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए बताया कि भाजपा के प्रतिशत अध्यक्ष सीपी जोशी के निदेर्शानुसार कार्यकारी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है जिनमें चूरू ,जयपुर दक्षिण ,जयपुर उत्तर , सीकर , धौलपुर , बांसवाड़ा ,नागौर शहर और कोटा देहात जिलों के कार्यकारी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें चूरू से हरलाल सहारण,जयपुर दक्षिण से राजेश गुर्जर,जयपुर उत्तर से श्याम शर्मा,सीकर से पवन मोदी धौलपुर से सत्येंद्र पाराशर बांसवाड़ा से लाभ चंद पटेल नागौर शहर से रामनिवास सांखला एवं कोटा देहात से प्रेमगोचर को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।



## ब्लैक बेल्ट मनीष शर्मा ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पीएसटी मार्शल आर्ट एकेडमी, बीकानेर के ब्लैक बेल्ट मनीष शर्मा के द्वारा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में रिवर्स प्लांक एक्टिविटी में अपना नाम दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाया जो कि हमारी एकेडमी और बीकानेर के लिये ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये गौरव की बात है।

एकेडमी के टेक्निकल डायरेक्टर रेन्शी प्रीतम सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लैक बेल्ट श्री मनीष शर्मा ने रिवर्स प्लांक एक्टिविटी में सर्वाधिक समय 2 मिनट 6 सैकण्ड तक 80 एलबी वजन के साथ पोजिशन रखते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है।गौरतलब है कि इससे पूर्व यह रिकार्ड पाकिस्तान के युवक इरफान मेहशूद के नाम 2 मिनट का था। जिसे पी एस टी मार्शल आर्ट एकेडमी मनीष शर्मा ने तोड़कर नया रिकॉर्ड कायम किया, इस विश्व रिकॉर्ड की उपलब्धि का अधिकृत प्रमाण पत्र टेक्निकल डायरेक्टर रेन्शी प्रीतम सैन, सेंसेई सोनिका सैन विशेष अतिथि के रूप में सुरेंद्र जैन बद्धानी ने देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पी एस टी के पदाधिकारी व ब्लैक बेल्ट नदीम हुसैन, विजय सिंह चौहान, सिद्धांत जोशी , रोहित भाटी, आनंद मेहरा, प्रियंका सिंह, प्रेरणा सिंह, तनिष्क सैन, चंचल गोयल, मो दानिश शेख तथा स्थानीय मार्शल आर्टिस्ट, परिजनों ने मनीष शर्मा को माला पहनाकर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन ज्योतिप्रकाश रंगा की ।

**करीब 1 सौ भक्तों ने सामूहिक रूप से पाई प्रसादी**

## आयोजन : बालाजी के सामूहिक गोठ का हुआ आयोजन

**कालवाड़ के बांडी नदी वाले बालाजी के हुआ आयोजन**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**कालवाड़/हिंगोनियां।** शहर के निकटवर्ती कालवाड़ नदी वाले चमत्कारी बालाजी मंदिर में आपसी मिलने वालों के समुह ने सामूहिक गोठ का आयोजन किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुआ कि संजय कुमावत ने बताया कि सामूहिक गोठ में भगवान के भोग को प्रसादी का आनंद लेते हुए सबने पूरी खुशी के साथ इस सेलिब्रेशन को अध्यात्मिक और भव्य बना दिया। प्रसादी लेने से पूर्व सभी भक्तों ने मिलकर पहले हनुमान चालीसा, हनुमान मंत्र आदि भक्ति पाठ का पाठ किया फिर सांयकाल को भगवान के प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी सेलिब्रेट की। कार्यक्रम में करीब 1 सौ भक्तों ने सामुहिक रूप से प्रसादी पाई। इस मौके पर संजय कुमावत, मामराज कुमावत, विशाल शर्मा रामस्वरूप, आदित्य पंचोली,आदि ने प्रमुख रूप से सक्रिय कार्यकर्ता बनते हुए हिस्सा लिया।

## कोलायत पंचायत समिति के वार्ड नंबर 18 का उपचुनाव भाजपा प्रत्याशी महेंद्र मेघवाल के पक्ष में दावेदार भाजपा नेता रहे सक्रिय

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** कोलायत पंचायत समिति के वार्ड नंबर 18 के उपचुनाव में मतदान आज हो रहा है इस अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट अशोक प्रजापत गजनेर, श्याम सिंह हाडला, भाजपा देहात जिला महामंत्री मोहनलाल ढाल, हदा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भाटी काफी सक्रिय रहे। आज भाजपा नेताओं ने सियाणा, नेणिया,बाला,खारा लोहान, ओर लम्माना मतदान केंद्रों पर जाकर कार्यकताओं से संपर्क किया और ग्रामीण मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की भाजपा नेता एडवोकेट अशोक प्रजापत गजनेर ने बताया कि कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से आम जनों तंग हो चुका है और निश्चित रूप से भाजपा के पक्ष में जबरदस्त मतदान हुआ है तथा भाजपा प्रत्याशी महेंद्र मेघवाल चुनाव जीतेंगे उप चुनाव की जीत जनता का त्तखता पलटने की सोच का परिचायक होगी। भाजपा नेता श्याम सिंह हाडला ने बताया कि क ऊर्जा मंत्री कोलायत विधानसभा के ही है उसके बावजूद गांव में बिजली नहीं रहती है। बिजली के अभाव में किसान की फसल चौपट हो रही है इसका नुकसान भी कांग्रेस प्रत्याशी को उठाना पड़ेगा जनता ने सरकार बदलने का मानस बना लिया है जिसकी शुरूआत आज से होगी इस वार्ड में पूर्व में निर्दलीय हनुमान मेघवाल पंचायत समिति सदस्य थे उनके निधन के बाद उपचुनाव हों रहे हैं भाजपा ने इस बार हनुमान मेघवाल के पौत्र महेंद्र मेघवाल को प्रत्याशी बनाया।

## दो अहम बिल साइन करने से इनकार
# पाक के राष्ट्रपति अल्वी का सेना के खिलाफ विद्रोह

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सेना को एक बड़ा झटका देते हुए दो अहम बिलों पर साइन करने से इनकार कर दिया है। राष्ट्रपति अल्वी ने रविवार को कानून के दो अहम बिलों, आधिकारिक गोपनीयता (संशोधन) विधेयक 2023 और पाकिस्तान सेना (संशोधन) विधेयक, 2023 पर साइन करने से इनकार कर दिया। उन्होंने इसके साथ ही दावा किया है कि उनके स्टाफ ने ही उन्हें धोखा दिया है।



### ...मैं सहमत नहीं था?

उन्होंने कहा अल्लाह मेरा गवाह है मैंने आधिकारिक गोपनीयता संशोधन विधेयक 2023 और पाकिस्तान सेना संशोधन विधेयक 2023 पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था। बिना हस्ताक्षर किए विधेयकों को वापस करने के लिए कहा।

## एफओसी बैठक में द्वार खोलो नीति को बताया सफल
# भारत के साथ हर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड भारत के साथ राजनीतिक, व्यापारिक, रक्षा, शिक्षा, विज्ञान और तकनीक सहित हर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएगा। इसके साथ ही न्यूजीलैंड का मानना है कि 2011 में शुरू की गई भारत के लिए द्वार खोलो नीति काफी सफल रही है। दोनों देशों ने वेलिंग्टन में 5वां विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) आयोजित किया। इस दौरान दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के उच्च स्तरीय अधिकारियों ने बैठक कर द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देश निरस्त्रीकरण, वैश्विक शांति, उत्तर-दक्षिण वार्ता, मानवाधिकार, पारिस्थितिक संरक्षण और युद्ध के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक-दूसरे के साथी रहे हैं।

- दोनों देशों ने वेलिंग्टन में 5वां विदेश कार्यालय परामर्श आयोजित किया
- 2011 में शुरू की गई भारत के लिए द्वार खोलो नीति काफी सफल रही



### व्यापार और आर्थिक संभावनाओं पर जोर

*जी-20, हिंद-प्रशांत आसियान, राष्ट्रमंडल और संयुक्त राष्ट्र जैसे बहुपक्षीय मंचों पर एक-दूसरे के सहयोग का संकल्प लिया व वैश्विक मसलों पर परस्पर हितों पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने व्यापार और आर्थिक क्षेत्रों में विशाल संभावनाओं पर जोर दिया और जी2जी (सरकार-से-सरकार) और बी2बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) बातचीत को और बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।*

### द्विपक्षीय संबंधों में को बढ़ाने की जरूरत

विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में बताया कि भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार और न्यूजीलैंड के अमेरिका और एशिया समूह के उप सचिव डेबोरा गिल्स की सह-अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों में आई हालिया गति और बढ़ाने की जरूरत पर ध्यान दिया। दोनों देशों परस्पर भागीदारी पर संतोष व्यक्त करते हुए राजनीतिक, आर्थिक और व्यापार सहयोग, रक्षा आदान-प्रदान, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ लोगों से लोगों के बीच संपर्क और सांस्कृतिक सहयोग को अगले स्तर पर ले जाने पर सहमति जताई।


### वैश्विक शांति के लिए सहयोगी

मंत्रालय ने बताया कि दोनों देश निरस्त्रीकरण, वैश्विक शांति, उत्तर-दक्षिण वार्ता, मानवाधिकार, पारिस्थितिक संरक्षण और युद्ध के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक-दूसरे के साथी रहे हैं। इसके अलावा आतंकवाद, प्रवासी समस्याओं पर भी दोनों देशों का ध्यान रहा है। वही, न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने बताया कि पिछली सदी के अंत में भारतीयों ने न्यूजीलैंड आना शुरू किया और इनकी 1.75 लाख आबादी है, जिन्होंने न्यूजीलैंड को अपना स्थायी घर बना लिया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नहीं बदलने दिए कपड़े, गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी की बेटी इमान मजारी को रविवार सुबह यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।



तरनूल थाने के एक अधिकारी ने बताया कि युवा वकील और कार्यकर्ता इमान मजारी पर सरकारी मामलों में दखल देने, धरना प्रदर्शन तथा विरोध करने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। उनकी मां शिरीन मजारी ने गिरफ्तारी को अपहरण बताया और कहा कि सादे कपड़ों में आए लोग हमारे घर के मुख्य दरवाजे को तोड़ने के बाद मेरी बेटी को अपने साथ ले गए।

### पाकः वजीरिस्तान में बम विस्फोट, 11 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान के गुलमीर कोट इलाके में बम विस्फोट में 11 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।



उत्तरी वजीरिस्तान में एक वैन में बम विस्फोट किया गया। फिलहाल किसी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पहले भी पाक के बाजौर में एक राजनीतिक रैली में आत्मघाती विस्फोट में 63 लोग मारे गए थे। इस्लामिक स्टेट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकवादियों ने शवाल में गुल मीर कोट के पास विस्फोट कर 16 मजदूरों को ले जा रहे एक वाहन को उड़ा दिया।

### लॉस एंजेलिस में भीषण चक्रवात की चेतावनी

**लॉस एंजिल्स।** डाउनटाउन लॉस एंजिल्स सहित दक्षिण कैलिफोर्निया को भारी तूफान की चेतावनी दी गई है।



शक्तिशाली श्रेणी-4 का तूफान प्रशांत महासागर से होते हुए मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की तरफ बढ़ता हुआ देखा गया है। राष्ट्रीय चक्रवात केंद्र के अनुसार, चक्रवात हिलेरी रात आठ बजे तक मैक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया पेनिनसुला से केवल 300 मीटर दूर था। मौसम विशेषज्ञों ने इस चक्रवात के कारण बाजा और दक्षिणी-पश्चिमी क्षेत्रों में काफी नुकसान होने की आशंका जताई है।

## तीन हजार विमान भी भेजे, ड्रिल में भारत के साथ क्वाड के देश शामिल
# मालाबार युद्धाभ्यास की निगरानी में जुटे 300 चीनी सैटेलाइट्स

एजेंसी ▶▶ सिडनी/बीजिंग

क्वाड देशों के मेंबर भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के बीच इस वक्त मालाबार मिलिट्री एक्सरसाइज चल रही है। इस युद्धाभ्यास से चीन घबराया हुआ है। ऐसे में चीन ने अपने सैकड़ों लोअर ऑर्बिट सैटेलाइट्स को ऑस्ट्रेलिया के ऊपर मालाबार एक्सरसाइज की निगरानी करने के लिए तैनात कर दिया है। कमर्शियल स्पेस डेटा के हवाले से बताया कि चीन ने 22 जुलाई से 4 अगस्त तक चली टैलिस्मैन सेबर एक्सरसाइज और अब मालाबार एक्सरसाइज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पास लगातार निगरानी की। इस दौरान पूरा फोकस सिडनी पोर्ट के पास युद्धपोतों पर रखा गया।

> मालाबार युद्धाभ्यास 11 अगस्त से शुरू हुआ था, जो 21 अगस्त तक चलेगा। यह एक्सरसाइज दो फेज में हो रही है। इसमें पहला हार्बर फेज होगा और दूसरा सी फेज। इस युद्धाभ्यास से चीन घबराया हुआ है। इसकी निगरानी सैटेलाइट्स से कर रहा है।

### खास बातें

- भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के बीच मिलिट्री एक्सरसाइज
- युद्धाभ्यास से चीन घबराया, निगरानी में लगाए सैकड़ों सैटेलाइट्स
- सिडनी पोर्ट के पास युद्धपोतों पर फोकस

### *ऑस्ट्रेलिया का डिफेंस डिपार्टमेंट चीन के सेटेलाइटस की कर रहा निगरानी*



### 1992 में पहली बार हुआ मालाबार अभ्यास

मालाबार अभ्यास साल 1992 में भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू किया गया था। फिर 2015 में इसमें जापान और 2020 में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हो गया, जिससे इस युद्धाभ्यास की लोकप्रियता और बढ़ गई। चारों देशों ने दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में चीन के बढ़ते सैन्य दखल से उत्पन्न वैश्विक चिंताओं के बीच यह युद्धाभ्यास किया था।

### ऑस्ट्रेलिया भी रख रहा है नजर

ईओएस स्पेस सिस्टम डिफेंस कंपनी के जेम्स बेनेट ने बताया कि ग्राउंड बेस्ड एक्टिविटी के लिए 300 सैटेलाइट और 3 हजार फ्लाइट्स के जरिए मालाबार एक्सरसाइज का सर्वे किया गया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का डिफेंस डिपार्टमेंट चीन की निगरानी से अपने और बाकी देशों के वॉरशिप्स की जानकारी बचाने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। साथ ही चीन के सैटेलाइट्स पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। चीन इससे पहले भी मालाबार एक्सरसाइज की निगरानी कर चुका है। 2007 में उसने हिंद महासागर में युद्धाभ्यास पर नजर रखने के लिए एक स्पाई शिप भेजी थी। इसके बाद 2014 में भी बंगाल की खाड़ी में ऐसा ही एक जहाज भेजा गया था।

### 2 फेज में हो रही मालाबार एक्सरसाइज

पहले फेज में चारों देशों की नेवी के लोग एक-दूसरे के वॉरशिप में जाएंगे और एक दूसरे की प्रोफेशनल प्रैक्टिस से सीखेंगे। सी फेज में कई हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज होंगी। इसमें एंटी सर्फेस, एंटी एयर और एंटी सबमरीन एक्सरसाइज होगी। यानी कैसे दुश्मन की सतह में मौजूद टारगेट को नष्ट करना है और इसी तरह हवा में मौजूद दुश्मन के टारगेट को निशाना बनाने की प्रैक्टिस के साथ ही दुश्मन की सबमरीन को कैसे ध्वस्त करना है।

### सह्याद्री और कोलकाता युद्धपोत युद्धाभ्यास में शामिल

इस साल मालाबार एक्सरसाइज में भारत की तरफ से आईएनएस कोलकाता और सह्याद्री को भेजा गया है। मालाबार युद्धाभ्यास 11 अगस्त से शुरू हुआ है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। यह एक्सरसाइज दो फेज में हो रही है। इसमें पहला हार्बर फेज होगा और दूसरा सी फेज।

### जापान कर चुका नेतृत्व

पिछले साल नवंबर में जापान ने मालाबार एक्सरसाइज का नेतृत्व किया था। इस युद्धाभ्यास में आईएनएस शिवालिक-कमोर्टा शामिल हुए थे। शिवालिक एक मल्टी रोल स्टेल्थ फ्रीगेट है, जो एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में भी हिस्सा ले सकता है।

## डीआरडीओ ने किया था विकसित
# दुर्घटनाग्रस्त हुआ मानव रहित ड्रोन 'तापस'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीआरडीओ द्वारा तैयार किया गया मानव रहित ड्रोन परीक्षण के दौरान आज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में किसी को कुछ नुकसान नहीं पहुंचा है। डीआरडीओ इस मामले की जांच में जुट गई है। कर्नाटक में चित्रदुर्ग जिले के एक गांव में रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक मानव रहित वायु यान (यूएवी) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह ड्रोन तापस 07 ए-14, जिले के हिरियूर तालुक स्थित वड्डिकेरे गांव के बाहर खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। सूत्रों के मुताबिक, यह घटना उस वक्त हुई जब डीआरडीओ का ड्रोन परीक्षण उड़ान पर था। इस घटना पर डीआरडीओ के अधिकारियों की टिप्पणी नहीं मिल पायी है।

### दुर्घटना के बाद टूट गया ड्रोन

घटना से जुड़ी वीडियो और तस्वीरों से पता चलता है कि दुर्घटना के बाद ड्रोन टूट गया और उसके पुर्जे आसपास बिखर गये। दुर्घटना के वक्त तेज आवाज आने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय प्राधिकारियों को इसकी सूचना दी। डीआरडीओ का कहना हा कि तकनीकी खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई है। इस बाबत जांच की जा रही है, हालांकि इस हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### दुर्घटना के कारणों की जांच जारी

रक्षा अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित किया जा रहा एक तापस ड्रोन आज कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के एक गांव में परीक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। डीआरडीओ ने रक्षा मंत्रालय को इस दुर्घटना के बारे में जानकारी दे दी है। दुर्घटना के पीछे के विशिष्ट कारणों की जांच की जा रही है।

## 21.3 प्रतिशत लोग हो गए बेरोजगार
# चीन में भारी बेरोजगारी, युवा बोले- रात भर सो नहीं पाते

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश में लगातार युवा बेरोजगार हो रहे हैं। इससे लोगों में चिंता पैदा हो गई है। वहीं, युवाओं में अपने भविष्य को लेकर तनाव देखा गया है। इससे उनकी रातों की नींद उड़ गई है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चीन में केवल जून में ही 16 से 24 वर्ष की आयु के 21.3 प्रतिशत लोग बेरोजगार हो गए हैं। यह आंकड़ा हर महीने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहा है। कंपनियां काम पर नहीं रख रही हैं।




### जीवन यापन की चिंता

21 वर्षीय बेरोजगार यांग याओ ने बताया कि नौकरी नहीं मिलने के कारण हर रात वह चिंता में रहते। वह सोचते हैं कि अगर नौकरी नहीं मिली तो जीवन-यापन कैसे करूंगा। याओ का कहना है कि वह इस चिंता की वजह से रात भर नहीं सो पाते हैं। झांग ने नौकरी पाने के लिए कई हजारों सीवी भेजे, लेकिन फायदा नहीं हुआ।

## बौद्ध सम्मेलन में बोले राजदूत कपूर
# भारत में बुद्ध के ज्ञान की रोशनी सबसे पहले चमकी

एजेंसी ▶▶ बुर्यातिया

रूस में भारतीय राजदूत पवन कपूर ने बुर्यातिया में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मंच को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर बौद्ध धर्म के सिद्धांतों को कायम रखा है और इसे बढ़ावा दिया है आगे बोले कि बौद्ध धर्म, करुणा, ज्ञान, शांति और सद्भाव की अपनी गहन शिक्षाओं के साथ, सदियों से भारतीय समाज की आधारशिला रहा है। भारत, वह भूमि जहां बुद्ध के ज्ञान की रोशनी सबसे पहले चमकी है। रूस में, बौद्ध धर्म चार मुख्य मान्यता प्राप्त धर्मों में से एक है।




### बौद्ध धर्म अभिन्न अंग

पवन कपूर ने मंगोलिया और रूस के एक बौद्ध मठ के वरिष्ठ लामा पंडितो खंबो लामा की उपस्थिति में बोले कि भारत, रूस के बीच आध्यात्मिक संबंध कई सहस्राब्दियों पहले से हैं। आध्यात्मिक इतिहास बौद्ध धर्म के धागों से बुना गया है, जो सीमाओं को पार कर सांस्कृतिक संबंधों का अभिन्न अंग बन गया है।

## सहयोगात्मक समुद्री जुड़ाव की दिशा में ईरान की यात्रा पर
# ईरान पहुंचा आईएनएस त्रिकंद बंदरगाह पर गर्मजोशी से स्वागत

एजेंसी ▶▶ बंदर अब्बास

भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस त्रिकंद का रविवार को ईरान के बंदरगाह शहर बंदर अब्बास पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि यह जहाज क्षेत्रीय देशों के साथ सहयोगात्मक समुद्री जुड़ाव की दिशा में भारतीय नौसेना की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में ईरान की यात्रा पर है। सहयोगात्मक समुद्री जुड़ाव की दिशा में नौसेना की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में बंदर अंब्बास, ईरान की यात्रा पर है। यह भारत और ईरान के बीच दोस्ती का पुल है।

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम से की बात



विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत-ईरान संबंध सदियों से सार्थक बातचीत पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी से बात की और चाबहार बंदरगाह की पूरी क्षमता को साकार करने पर चर्चा की।

### अल-शुवैख बंदरगाह पर रुका आईएनएस विशाखापत्तनम

उधर, भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम कुवैत में तीन दिवसीय प्रवास के तहत रविवार को अल-शुवैख बंदरगाह पर रुका। आईएनएस विशाखापत्तनम की यात्रा कुवैत में भारतीय समुदाय के लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खोलेगी।

## अल्बानिया के रेस्तरां में 4 पर्यटकों ने खाया खाना, पीएम मेलोनी बोले 'बेवकूफ'
# इटली के पीएम को भरना पड़ा 4 पर्यटकों के खाने का बिल

एजेंसी ▶▶ अल्बानिया

इटली के 4 पर्यटकों ने अपने देश की बेइज्जती करा दी है। ये पर्यटक अल्बानिया गए थे और वहां एक रेस्तरां में रुके थे। वे उसका बिल भरे बिना ही रफूचक्कर हो लिए बाद में अल्बानिया ने इटली सरकार से इसकी शिकायत कर दी। मामला इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी तक पहुंचा तो उन्होंने अपने देश के दूतावास से चारों पर्यटकों का बिल भरवाया। साथ ही कहा कि इन बेवकूफों के लिए बिल का भुगतान करें। इस घटना पर पीएम मेलोनी द्वारा भुगतान कराया जाना और उसके बाद उनकी टिप्पणी पूरी दुनिया में वायरल हो गई है।

### खास बातें

- पीएम द्वारा भुगतान और उनकी टिप्पणी पूरी दुनिया में वायरल
- ये पर्यटक अल्बानिया गए थे और वहां एक रेस्तरां में रुके थे
- रेस्तरां में खाना खाने का बिल भरे बिना हो गए थे रफूचक्कर

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को उस वक्त बेहद शर्मिंदा होना पड़ गया, जब उनके देश के 4 पर्यटकों ने रेस्तरां में ठहरने के बाद बिल का भुगतान किए बिना रफूचक्कर हो लिए। बाद में इसकी शिकायत अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने इटली की पीएम जॉर्जिया से की।



### राजनयिक अधिनियम के तहत चुकाया बिल

अल्बानिया में इटली के 4 पर्यटकों ने भोजन के बाद अपने बिल का भुगतना नहीं किया था। इटली की प्रधानमंत्री के निर्देश पर उन पर्यटकों के बिल का भुगतान किया गया। चारों इतालवी पर्यटकों द्वारा अल्बानिया में एक रेस्तरां को बिना भुगतान किए चले जाने के बाद, सरकार ने राजनयिक अधिनियम के तहत रेस्तरां के बिल का निपटान किया।

### पीएम ने उठाया था मुद्दा

*अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपनी यात्रा के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ 'डाइन एंड डैश' घटना को उठाया था। जवाब में, मेलोनी ने इतालवी राजदूत को पर्यटकों के लिए बिल का भुगतान करने का निर्देश देते हुए कहा जाओ और इन बेवकूफों के लिए बिल का भुगतान करो।*

### दूतावास ने कहा-ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी

इटली के दूतावास ने कहा कि इटालियंस नियमों का सम्मान करते हैं और अपने कर्ज का भुगतान करते हैं। उम्मीद करते हैं कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। इटली के कृषि मंत्री और मेलोनी के बहनोई फ्रांसेस्को लोलोब्रिगिडा जो यात्रा पर भी थे। बिल का भुगतान करना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कुछ बेईमान व्यक्ति सभ्य लोगों के देश को शर्मिंदा नहीं कर सकते। इस घटना की सही तारीख अस्पष्ट बनी हुई है। हालांकि, समूह को रेस्तरां से बाहर निकलते और रात में गायब होते हुए दिखाने वाला एक सुरक्षा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो

## सैन्य शासक ने रखा प्रस्ताव
# नाइजरः शासक ने कहा- तीन साल के भीतर लाएंगे लोकतंत्र

एजेंसी ▶▶ नाइजर

नाइजर में हाल ही में तख्तापलट हुआ है। ऐसे में लोकतंत्र वापस लाने पर राजनीति हो रही है। नए सैन्य शासक जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने तीन साल के अंदर लोकतंत्र वापस लाने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, पड़ोसी देशों का कहना है कि जल्द से जल्द लोकतंत्र स्थापित किया जाए। त्चियानी ने कहा कि न तो जुंटा (एक सैन्य या राजनीतिक समूह) और न ही नाइजर के लोग युद्ध करना चाहते हैं। हम लोग बातचीत के लिए तैयार हैं।



### मैं बातचीत के लिए तैयार हूं

जनरल त्चियानी ने कहा कि इस संबंध में अगले एक महीने के भीतर जुंटा द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संवाद में निर्णय लिया जाएगा। त्चियानी ने कहा कि जुंटा की महत्वाकांक्षा सत्ता जब्त करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि नाइजर के लोगों के लिए मैं किसी भी बातचीत में शामिल होने के लिए तैयार हूं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हमारे खिलाफ हमला हुआ, तो यह मत सोचना कि यह पार्क में टहलने जैसा होगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# स्पेन ने रचा इतिहास, पहली बार बना फीफा महिला वर्ल्ड कप चैंपियन

एजेंसी ▶▶| सिडनी

कप्तान ओल्गा कारमोना के पहले हाफ में दागे गोल की बदौलत स्पेन रविवार को यहां इंग्लैंड को 1-0 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप खिताब जीतने में सफल रहा। स्पेन ने खिलाड़ियों की बगावत के एक साल से भी कम समय में यह खिताब जीता। स्पेन के पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय खिताब ने उसे 2007 में जर्मनी के बाद महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली पहली यूरोपीय टीम भी बना दिया।

कारमोना ने मैच के 29वें मिनट में बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाया जिसे इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी अर्प्स गोता लगाने के बावजूद गोल में जाने से रोकने में नाकाम रहीं। स्पेन के पास 68वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का मौका था लेकिन जेनी हर्मोसो की पेनल्टी किक को मैरी ने बाईं ओर गोता लगाते हुए रोक दिया।




### स्पेन बनी पांचवीं टीम

*महिला फीफा वर्ल्ड कप के खिताब को अपने नाम करने वाली स्पेन पांचवीं टीम बनी हउै। सबसे ज्यादा बार इस खिताब को अपने नाम करने का रिकॉर्ड अमेरिका के नाम है, जिन्होंने चार बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। वहीं, जर्मनी दो बार वर्ल्ड चैंपियन रही है, तो नॉर्वे और जापान ने एक-एक बार इस खिताब को अपने नाम किया है।*

### चुकता किया बदला

*इंग्लैंड ने पिछले साल यूरो क्वार्टर फाइनल में स्पेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जॉर्जिया स्टेनवे के अतिरिक्त समय में दागे गोल की बदौलत 2-1 से जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम में 75 हजार 784 दर्शक मौजूद थे जिसमें महान टेनिस खिलाड़ी बिली जीन किंग भी शामिल थीं।*



स्पेन की एटाना बोनमाती (बाएं) को गोल्डन बॉल ट्रॉफी और इंग्लैंड की मैरी इयरप्स को गोल्डन ग्लव्स का अवॉर्ड मिला। गोल्डन बॉल टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर को और गोल्डन ग्लव्स टूर्नामेंट की बेस्ट गोलकीपर को दिया जाता है।

### ओल्गा का रिकॉर्ड

*कारमोना ने स्वीडन के खिलाफ सेमीफाइनल में स्पेन की 2-1 की जीत के दौरान भी 89वें मिनट में विजयी गोल दागा था। कारमोना इसके साथ ही 2015 में कार्ली लॉयड के बाद सेमीफाइनल और फाइनल में गोल करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।*

### पुरुष टीम की बराबरी

*स्पेन की महिला फुटबॉल टीम ने विश्व कप के खिताब को जीतकर पुरुष टीम के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। पुरुष टीम ने साल 2010 में फीफा वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया था। यानी 13 साल बाद देश की बेटियों ने इस खेल में दूसरा वर्ल्ड कप दिलाया है।*

### 9वां सीजन

*फीफा वूमेन्स वर्ल्ड कप का यह 9वां सीजन रहा, जो न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में 20 जुलाई से 20 अगस्त तक खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 64 मैच खेले गए, जिनका आयोजन 9 शहरों के 10 मैदानों पर हुआ। अबकी बार 32 टीमों ने भाग लिया था, जबकि पिछली बार फ्रांस में हुए वूमेन्स वर्ल्ड कप में 24 टीमें खेली थीं।*

### 29 मैच बाद पहली हार

*सरीना विगमैन के हेड कोच (मैनेजर) बनने के बाद से इंग्लैंड की यह पहली हार रही। इस फाइनल मुकाबले से पहले इंग्लैंड ने 25 मैच जीते थे, जबकि चार मैच ड्रॉ पर छूटे।*

## खबर संक्षेप



### छगन, भारती ने जीती मुंबई हाफ मैराथन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छगन बोम्बाले ने रविवार को यहां लगातार दूसरे साल मुंबई हाफ मैराथन के सातवें चरण की पुरुष स्पर्धा अपने नाम की। छगन ने एक घंटे 12.14 मिनट का समय निकालकर खिताब जीता और 2022 चरण की जीत के समय में चार मिनट का सुधार किया। महिलाओं की हाफ मैराथन में हरियाणा के सोनीपत की 25 वर्षीय भारती ने एक घंटे 19.19 मिनट में जीत दर्ज की। प्राजकता गोडबोले ने एक घंटे 21.08 मिनट से रजत और प्राजकता शिंदे ने एक घंटे 21.27 मिनट से कांस्य पदक हासिल किया।

### विश्व कप कार्यक्रम में बदलाव की संभावना

**नई दिल्ली।** हैदराबाद क्रिकेट संघ ने भारत में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के दौरान दो दिनों में इतने ही मैचों की मेजबानी को मुश्किल करार देते हुए कहा कि संगठनात्मक और सुरक्षा कारणों से यह आदर्श स्थिति नहीं है।




एचसीएक के एक अधिकारी ने उम्मीद जताई कि उन्हें दो मैचों के बीच में एक दिन का समय मिलेगा, जिससे विश्व कप के कार्यक्रम में एक और बदलाव की अटकलें शुरू हो गई है। काफी विलंब के बाद इस साल जून में विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की गई थी।

### अनाहत बनीं एशियन जूनियर स्क्वाश चैंपियन

**डेलियान।** भारत की अनाहत सिंह ने यहां 16 से 20 अगस्त तक हुई एशियाई जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की अनाहत ने रविवार को हुए फाइनल में हांगकांग की एना क्वोंग को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अनाहत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में मलेशियाई खिलाड़ियों क्रमशः डॉयस ली और विटनी इसाबेल को हराया था। पिछले साल थाईलैंड में दिल्ली की अनाहत ने इस प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था।



### अंतिम को एशियाड में चमकने का भरोसा

**नई दिल्ली।** अनुभवी पहलवान विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के ट्रायल्स में चुनौती देने वाली पंघाल ने जोर्डन के अम्मान में अंडर-20 महिला कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद रविवार को लौटने के बाद यहां पत्रकारों से कहा, 'जब मुझे पता चला कि मुझे एशियाई खेलों के लिए चुन लिया गया है तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि विनेश दी को घुटने की चोट लगी थी और मैं 'स्टैंडबाई' थी।'



## 33 रन से जीता दूसरा मुकाबला, 2-0 की बढ़त ली, तीसरा मुकाबला कल

# भारत ने आयरलैंड से लगातार तीसरी टी-20 सीरीज जीती

रिंकू ने 21 बॉल पर 38 रन बनाए

अर्शदीप ने एक विकेट लेकर टी-20 में पूरे किए 50 विकेट

एजेंसी ▶▶| डबलिन

टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज जीत ली है। टीम ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 33 रन से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने बाइलेटरल सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 23 अगस्त को खेला जाएगा। डबलिन के द विलेज स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में आयरिश टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन ही बना सकी।



### आखिरी 2 ओवर में रिंकू शिवम ने बनाए 42 रन

मैच का टारगेट पॉइंट भारतीय पारी के आखिरी दो ओवर रहे। इनमें रिंकू सिंह और शिवम दुबे की जोड़ी ने 42 रन बनाए। इस साझेदारी में रिंकू ने 28 और दुबे ने 22 रन का योगदान दिया। इससे भारत ने 185 रन का टारगेट से किया। 18 ओवर के बाद भारत ने चार विकेट पर 143 रन बना लिए थे।

### बालबर्नी को नहीं मिला साथ, मेजबानों ने लगातार विकेट गंवाए

भारतीय बल्लेबाजी रंग में दिखी। तिलक वर्मा को छोड़कर अन्य सभी बल्लेबाजों ने अपना-अपना योगदान दिया। आखिरी में रिंकू सिंह और शिवम दुबे ने विस्फोटक पारियां खेलीं, जिनके दम पर भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। 186 रन का बड़ा चेज करने उतरी आयरिश टीम की शुरुआत खराब रही और टीम ने 19 के स्कोर पर लगातार दो विकेट गंवा दिए। पावरप्ले समाप्त होते-होते टीम का स्कोर 31/3 हो गया। इससे मिडिल ऑर्डर पर दवाब आया और मिडिल ऑर्डर बिखरने लगा। ऐसे में एक छोर से क्रीज पर खड़े ओपनर एंड्रयू बालबर्नी (72 रन) ने जॉर्ज डॉकरेल के साथ मिलकर बिखरती पारी को संभालने की नाकाम कोशिश की। दोनों ने 30 बॉल पर 52 रन जोड़े। टीम से यही इकलौती 50+ की पार्टनरशिप रही। यह साझेदारी कन्फ्यूजन के कारण टूटी। यहां डॉकरेल 13 के निजी स्कोर पर रनआउट हुए। डॉकरेल के आउट होते ही आयरलैंड के ऑलआउट होने में समय नहीं लगा। भारतीय खेमे से जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने सराहनीय गेंदबाजी की।

# अखिल को निशानेबाजी में मिला ओलंपिक कोटा



विश्व चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| बाकू

अखिल श्योराण ने रविवार को यहां आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुष राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए देश का पांचवां कोटा स्थान हासिल किया। अखिल आठ निशानेबाजों के फाइनल में 450.0 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे और अगले साल होने वाले ओलंपिक खेलों का कोटा हासिल करने में सफल रहे।

ऑस्ट्रेलिया के एलेक्जेंडर शमिर्ल ने 462.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चेक गणराज्य के पेत्र निमबर्स्की 459.2 अंक के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहे। अखिल से पहले भवनीश मेंदिरत्ता (पुरुष ट्रैप), गत विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), स्वप्निल कुसाले (पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) और मेहुल घोष (महिला 10 मीटर एयर राइफल) ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाई प्रतियोगिता है।

### जूनियर पुरुष टीम जर्मनी से 2-3 से हारी

**डसेलडोर्फ।** सुदीप चिरमाको ने दो गोल दागे लेकिन चार देशों के टूर्नामेंट में यह भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। मेजबान जर्मनी ने मिशेल स्ट्रूथॉफ (41 वां मिनट), बेन हस्बैक (53वां मिनट), और फ्लोरियन स्पर्लिंग (55वां) के गोल के दम पर इस मुकाबले को 3-2 से जीत लिया। चिरमाको ने सातवें और 60वें मिनट में भारत के लिए गोल किए। स्पेन पर 6-2 की जीत के बाद भारतीय टीम इस मुकाबले में बढ़े हुए हौसले से उतरी थी।



# भारत के एशिया और विश्व कप टीम का चयन आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अगर विश्व कप में अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतरता है तो शार्दुल ठाकुर को बल्लेबाजी में बेहतर होने के कारण तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह मिल सकती है।

एशिया कप के लिए सोमवार को 17 सदस्यीय टीम का चयन होने की दशा में दोनों को मौका मिल सकता है। सभी की नजरें इस पर होगी कि जांघ की चोट से उबरे केएल राहुल और कमर की चोट से उबरने वाले श्रेयस अय्यर जैसे स्टार बल्लेबाजों को डॉक्टर नितिन पटेल की अगुवाई वाली एनसीए की खेल विज्ञान ईकाई से चयन के लिए हरी झंडी मिलती है या नहीं।



### तमिलरनसन और कुशारे क्वालीफिकेशन से बाहर

**बुडापेस्ट।** विश्व चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा जहां संतोष कुमार तमिलरनसन और सर्वेश अनिल कुशारे क्रमशः 400 मीटर बाधा दौड़ हीट रेस और ऊंची कूद क्वालिफिकेशन चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रहे। तमिलारनसन 50.46 सेकंड के समय के साथ हीट नंबर तीन में सातवें स्थान पर रहे। वह इस प्रदर्शन से सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। पांचों हीट में से प्रत्येक में शीर्ष चार स्थान पर रहने वाले एथलीट के अलावा अन्य चार सबसे तेज समय निकालने वाले खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुशारे तीन प्रयासों में 2.25 मीटर की बाधा को पार करने में विफल रहे।

# अल्कराज के सामने फाइनल में आज जोकोविच की चुनौती

कार्लोस ने 2-6, 7-6 (4), 6-3 से अपने नाम किया मैच

एजेंसी ▶▶| मेसन

शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज के सामने 'वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन' में एक बार फिर से नोवाक जोकोविच की चुनौती होगी। अल्काराज ने जोकोविच को हराकर विंबलडन का खिताब जीता था और एक बार फिर दोनों खिलाड़ी खिताब के लिए एक दूसरे के सामने होंगे।

अल्कराज ने हुबर्ट हुर्काज के खिलाफ मैच 2-6, 7-6 (4), 6-3 से अपने नाम किया। रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने 2021 टूर्नामेंट चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (5), 7-5 से हराया महिला वर्ग में कोको गॉफ ने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को 7-6 (2), 3-6, 6-4 से शिकस्त दी। फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी के सामने करोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराकर उलटफेर किया।



### विश्व चैंपियनशिप में भाग लेंगी भारत की चार टीमें

**मुंबई।** भारत की चार टीमें मोरक्को के माराकेश में विश्व ब्रिज टीम चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगी। रविवार से शुरू होकर दो सितंबर तक चलने वाली चैम्पियनशिप राउंड रॉबिन प्रारूप में 23 मैचों से आरंभ होगी। प्रत्येक वर्ग में 24 देश शामिल होंगे। 'ओपन टीम' वर्ग के लिए 'बरमूडा बॉल' विश्व स्तर में सभी ब्रिज ट्राफियों में सबसे बडी मानी जाती है जबकि वेनिस कप महिला टीम के लिए है। मिश्रित टीम 'वुहान कप' के लिए भिड़ेगी जबकि सीनियर 'डोर्सी ट्राफी' के लिए खेलेंगे। विश्व ब्रिज महासंघ के सात क्षेत्र हैं। प्रत्येक क्षेत्र अपने कोटे के अनुसार चयन ट्रायल्स से टीम का चयन करेगा।

## विश्व चैंपियनशिप : भारत ने अब तक जीते एक स्वर्ण सहित 13 पदक

# प्रणय, सेन और सात्विक-चिराग से पदकों की आस

एजेंसी ▶▶| कोपनहेगन

फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सोमवार से यहां शुरू हो रही बीडब्लूएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदक दावेदारों की अगुआई करेंगे। सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पर लगी होंगी जो इस समय दुनिया की दूसरी नंबर की जोड़ी है। देश की सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ी पिछले चरण में जीते गये कांस्य पदक के रंग को बेहतर करना चाहेगी। भारत ने 1977 से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण सहित 13 पदक जीते हैं जिसमें चार रजत और आठ कांस्य शामिल हैं। महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण पदक (कांस्य, 1993 में) जीतने वाले पहले भारतीय थे और 2011 के बाद से पीवी सिंधू की अगुआई में देश के खिलाड़ी कम से कम एक पदक जीतते आ रहे हैं। सिंधू विश्व चैंपियनशिप में भारत की सबसे सफल खिलाड़ी हैं जो 2019 में चैंपियन रहीं और उनके नाम पांच पदक हैं।

### प्रणय दावेदार

*किदाम्बी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने 2021 चरण में भारत को क्रमशः रजत और कांस्य पदक दिलाए जबकि सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 2022 में कांस्य पदक जीता। प्रणय ऐसे खिलाड़ी हैं जो पोडियम के करीब पहुंचकर चूक रहे हैं, वह 2021 और 2022 दोनों चरण के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। लेकिन पिछले 12 महीनों में उनकी निरंतर फॉर्म को देखते हुए इस बार वह प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे।*



### फॉर्म में सात्विक और चिराग

*उम्मीदों का बोझ सात्विक और चिराग के कंधों पर होगा जो शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने 2023 में इंडोनेशिया ओपन, एशिया चैंपियनशिप, स्विस ओपन और कोरिया ओपन में खिताब अपने नाम किए हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली है और अगर वे इस सत्र के दबदबे के अनुरुप आगे बढ़ते हैं तो उनके ड्रा में काफी आगे तक पहुंचने की उम्मीद है।*

### सिंधू को मिली बाई

*विश्व चैंपियनशिप के 2017 और 2018 चरण की रजत पदक विजेता और 2013 और 2014 में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को बाई मिली है और वह जापान की नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुये लिन्ह एनगुएन के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।*



# यूएई का न्यूजीलैंड को हराना बड़ी उपलब्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने संयुक्त अरब अमीरात की टी20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड पर मिली शानदार जीत की प्रशंसा करते हुए रविवार को कहा कि इसमें फ्रेंचाइजी क्रिकेट का प्रभाव साफ दिखता है। संयुक्त अरब अमीरात ने शनिवार को दुबई में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर उस पर पहली जीत दर्ज की।

अश्विन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 'यूएई ने न्यूजीलैंड को हरा दिया जो बड़ी उपलब्धि है और इससे हमें यह भी दिख रहा है कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट क्या करने में सफल रहा है। इससे ऐसे देशों के क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी के लिए उम्मीद जगती है जो मुख्य तौर पर टेस्ट खेलने वाले देश नहीं हैं और यह खेल के लिए अच्छी खबर है।' यूएई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद न्यूजीलैंड को आठ विकेट पर 142 रन ही बनाने दिए और फिर यह लक्ष्य 15.4 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर हासिल कर लिया।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



# फिल्म 'स्वयंभू' का पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की आने वाली फिल्म स्वयंभू का पोस्टर रिलीज हो गया है। निखिल सिद्धार्थ की फिल्म स्वयंभू का निर्देशन भरत कृष्णमाचारी कर रहे हैं। इस फिल्म को भुवन और श्रीकर पिक्सेल स्टूडियो के तहत बनाया जा रहा है, जिसे टैगोर मधु प्रस्तुत करेंगे। इस फिल्म का पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। इस पोस्टर में निखिल एक क्रूर योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म स्वयंभू में निखिल के साथ संयुक्ता मेनन मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म स्वयंभू का संगीत बसरुर ने दिया है। एम. प्रभारन प्रोडक्शन डिजाइनर हैं और फिल्म के डायलॉग वासुदेव मुनेप्पगारी ने लिखे हैं।

## लाइफ Style

# अनन्या


## निभाएंगी छोटे शहर की लड़की का किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे अपनी अपकमिंग फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म में एक्ट्रेस आयुष्मान खुराना के साथ लीड रोल में दिखाई देने वाली हैं। स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर 2 से लेकर पति पत्नी और वो तक में अनन्या ने कई ग्लैमरस रोल्स प्ले किए हैं।

अब 'ड्रीम गर्ल 2' में वे एक छोटे शहर की लड़की का किरदार निभाने जा रही हैं। अनन्या पांडे ने साल 2019 में 'स्टूडेंट ऑफ ईयर 2' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। एक्ट्रेस ने 4 सालों के फिल्मी करियर में कुछ गिनी चुनी फिल्मों में ही काम किया है। अनन्या अब 'ड्रीम गर्ल 2' के साथ एक कंटेंट ड्राइवेन फिल्म में काम करने जा रही हैं। अनन्या ने कहा कि वे 'ड्रीम गर्ल 2' को लेकर एक्साइटेड हैं। एक कंटेंट ड्राइवेन फिल्म और परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ काम करके वे खुश हैं।

अनन्या ने कहा, यह मुझे दूसरी दिशा में ले जाता है और मेरी फिल्मोग्राफी से जोड़ता है। यह एक अलग तरह की ऑडियंस को टारगेट करता है, जिन तक मैं शायद नहीं पहुंच पा रही थी। बता दें कि अनन्या एक्टर चंकी पांडे की बेटी हैं तो उन्हें नेपोटिज्म के चलते काफी ट्रोल किया गया। सोशल मीडिया पर उनको लोगों ने बुरी तरह घेर लिया। इसे लेकर अनन्या ने कहा, फीडबैक और नेगेटिव ट्रोलिंग के बीच एक बारीक लाइन होती है। अगर कोई कंस्ट्रक्टिवली क्रिटिसाइज कर रहा है तो मैं इसके लिए तैयार हूं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'जब कोई कहता है कि आप यह कर सकते हैं या इसे अलग तरीके से करें, तो मैं हमेशा इसे एक्सेप्ट करती हूं।



## हॉलीवुड मसाला




# असहनीय मतभेद का दिया हवाला

**लॉस एंजिल्स।** सोशल मीडिया पर अपने काम से ज्यादा अपने निजी जीवन को लेकर चर्चा में रहने वाली ब्रिटनी स्पीयर्स एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार मामला ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी के बीच तलाक का है, जिसको लेकर ब्रिटनी स्पीयर्स ने सैम असगरी से तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि सैम ने कथित तौर पर गायक से तलाक के लिए अर्जी दायर की है। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में दायर की गई एक तलाक याचिका में 29 वर्षीय सैम और 41 वर्षीय ब्रिटनी के बीच असहनीय मतभेद का हवाला दिया गया था।




# सोशल मीडिया में बेयॉन्से की तगड़ी फैन फॉलोइंग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस बेयॉन्से अक्सर अपने लुक्स को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। कोई इवेंट हो या आउटिंग उन्हें अपने लुक से लोगों का ध्यान खींचना अच्छे से आता है। हाल ही में बेयॉन्से को एक इवेंट में ग्लैमरस लुक में देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। स्टेज पर परफॉर्मेंस देते हुए बेयॉन्से लोगों का खूब दिल जीतती नजर आईं। फैंस उनकी तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। अमेरिकन एक्ट्रेस बेयॉन्से का हॉलीवुड इंडस्ट्री में काफी नाम है। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया की दुनिया पर भी काफी फेमस है, जहां उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस की बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार बरसाते हैं।



# कंगना ने ऐश्वर्या को बताया फुल मून

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय की तारीफ की है। कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय बच्चन का एक वीडियो शेयर कर उन्हें फुल मून बताया है।कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर महिलाओं की खूबसूरती पर बात की और ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेलवन 1 का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऐश्वर्या के साथ तृषा कृष्णन भी नजर आ रही हैं। कंगना ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, बॉलीवुड के गीतकारों ने सोलह साल की बाली उमरिया (युवा) के बारे में काफी कुछ लिखा है, लेकिन चालीस या पचास की उम्र वाली महिला में सेंसुअलिटी, सेक्सुअलिटी और सिडक्शन का इस्तेमाल करने असफल रहे, क्योंकि वह न केवल सुंदर हैं बल्कि स्मार्ट और अनुभवी भी हैं। ये एक शानदार कॉम्बिनेशन है।




# 100 करोड़ के क्लब में ओएमजी-02

100 करोड़ के क्लब में ओएमजी 2 की एंट्री

मुंबई। अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म ओएमजी 2 बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और दर्शकों को थिएटर तक खींच लाने में भी कामयाब हो रही है। फिल्म ने 9वें दिन करीब 10.50 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह अब वो 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मार चुकी है। फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ का फायदा मिल रहा है। फिल्म में सेक्स एजुकेशन जैसे सेंसेटिव मुद्दों को टच किया गया, इसीलिए ए सर्टिफिकेट होने के बाद भी लोग इसे देखने जा रहे हैं। दर्शक फिल्म में अक्षय कुमार के साथ पंकज त्रिपाठी की एक्टिंग पसंद कर रहे हैं। पंकज त्रिपाठी ने कहा था कि इस फिल्म में

## टीवी मसाला

# नई चुनौतियां अभिनय को सशक्त बनाती है : गीतांजलि

**लखनऊ।** छोटे पर्दे की सदाबहार एक्ट्रेस गीताजंलि मिश्रा का कहना है कि नई चुनौतियां उनके अभिनय को और सशक्त बनाती है और वे



जल्द हार मानने वालों में नहीं है। हप्पू की उलटन पलटन में नई राजेश सिंह (रज्जो) की भूमिका को स्वीकार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में जब ये शो शुरू हुआ था तब भी रज्जो के किरदार के लिए उनके पास आफर था मगर समय की कमी के चलते वे इसे स्वीकार नहीं कर सकी थी। मगर अब तब घर घर में यह किरदार स्थापित हो चुका है तब इसके रिप्लेसमेंट के तौर पर काम करना चुनौती भरा है। मगर यह काम वे पहले भी कर चुकी है और भरोसा है कि वह अपने किरदार के प्रति न्याय कर सकेंगी। गीतांजलि ने क्राइम पेट्रोल, कुंडली भाग्य, बालिका वधू, नागिन, रंगरसिया, सावधान इंडिया और अघोरी जैसे सीरियल में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उन्होने 2020 में अनुराग बसु की फिल्म लूडो में भी काम किया।

## शूटिंग के वक्त अली गोनी को लगी चोट

**मुंबई।** बिग बॉस 14 फेम अली गोनी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। एक गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर अली की आंख पर चोट लग गई है। इस दौरान एक्टर के साथ उनकी गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी उनके साथ थी, जो यह हादसा देख काफी परेशान हो गईं। ये हादसा उस वक्त हुआ जब अली गोनी और जैस्मिन भसीन अपने



अपकमिंग सॉन्ग 'सावन आ गया' की शूटिंग कर रहे थे। तभी अचानक से अली की आंख में चोट लग गई और वह दर्द से कहरा उठे। इस मौके पर उनकी गर्लफ्रेंड काफी डरी और सहमी दिखीं। हालांकि यह अनुमान भी लगाया जा सकता है कि अली गोनी का बचाव हो गया। उनकी आंख में ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई।

# अब करेंगी विदेशों में शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज को मनी लॉनड्रिंग मामले में अदालत की पूर्व अनुमति के बिना ही विदेश ट्रेवल करने की अनुमति मिल गई है।



पटियाला हाउस कोर्ट ने एक्ट्रेस की जमानत की शर्तों में बदलाव करने का फैसला किया। कोर्ट का कहना है कि उन्हें देश छोड़ने से पहले परमिशन नहीं लेनी बल्कि बस 3 दिन पहले कोर्ट और ईडी को इस बात की खबर देनी होगी। जैकलीन ने पहले 5 मौकों पर विदेश यात्रा के लिए पूर्व अनुमति ली है। उन्होंने कभी भी बेल की लिबर्टी का मिसयूज नहीं किया है और कभी भी जमानत आदेश की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है। इस पर भी विचार किया गया कि इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक एक्टर होने के नाते उन्हें कई मौकों पर अक्सर विदेश यात्रा करनी पड़ती है और कुछ हालातो में, नई अपॉर्चुनिटीज़ को हासिल करने के लिए शार्ट नोटिस पर अब्रॉड जाना पड़ता है। कोर्ट ने कहा ऐसी स्थिति में देश छोड़ने से पहले पूर्व अनुमति लेने की शर्त उनके लिए बोझिल हो जाती है और ये उनकी आजीविका खोने का कारण बन सकती है।




# 500 जेलर ने पार किया करोड़ का आंकड़ा

***मुंबई।*** *11 अगस्त को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई जेलर ने ओपनिंग डे पर धुआंधार बैटिंग की। थलाइवा की फिल्म को लेकर फैंस में एक अलग दीवानगी देखने को मिलती है। रजनीकांत की एक्शन फिल्म जेलर ने रिलीज होने के 10 दिनों के भीतर ही दुनिया भर में 500 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार, जेलर 2.0 (2018) और पोन्नियिन सेलवन: I (2022) के बाद 500 करोड़ के क्लब में प्रवेश करने वाली तीसरी तमिल फिल्म बन गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जेलर ने 10वें दिन भारत में सभी भाषाओं में 18 करोड़ रुपए की कमाई की। रजनीकांत की इस तमिल फिल्म को हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब किया गया है।*

### बिंगबिंग एशिया ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे पॉपुलर और सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस में से एक

# फैन बिंगबिंग है 900 करोड़ की मालकिन एशिया की सबसे अमीर हीरोइन....

***मुंबई।*** *इंडियन फिल्म इंडस्ट्री दुनिया की सबसे अमीर इंडस्ट्री मानी जाती है। इंडियन एक्टर्स भी एक-एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए वसूलते हैं। शाहरुख खान तो दुनिया के सबसे अमीर एक्टर्स की फेहरिस्त में भी शामिल हैं। लेकिन जब बात लीडिंग लेडीज यानी हीरोइंस की आती है तो दूसरे देशों की एक्ट्रेसेस टॉप पोजिशन पर दिखाई देती हैं। आज हम बात करने जा रहे हैं एशिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस की। यह नाम न तो प्रियंका चोपड़ा है, न ही दीपिका पादुकोण और न ही ऐश्वर्या राय बच्चन। इसके इतर एशिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस चीन से हैं, जिनका नाम फैन बिंगबिंग है।*

### लगा था टैक्स चोरी का आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फैन बिंगबिंग साल 2018 में करीब तीन महीने के लिए लोगों की नजरों से गायब हो गई थीं। फिर उनके टैक्स चोरी की खबरें चारों तरफ फैल गईं। रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया कि एक्ट्रेस पर उनकी कुल संपत्ति से ज्यादा का टैक्स फाइन लगाया गया था। यह भी कहा गया कि टैक्स चोरी के आरोप में एक्ट्रेस पर 883 मिलियन आरएमबी (127 मिलियन डॉलर या 1000 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगा था। खबरों के अनुसार, एक्ट्रेस फैन बिंगबिंग ने टीनएज में एक्टिंग करियर शुरू कर दिया था। महज 16 साल की उम्र में टीवी शो माई फेयर प्रिंसेस से उन्हें बड़ा ब्रेक मिला था।



### चीनी फिल्म इंडस्ट्री की लीड एक्ट्रेस

चीनी फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस फैन बिंगबिंग एशिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं। यह नाम सुनकर शॉक हो सकते हैं लेकिन सच यही है। रिपोर्ट्स की मानें तो फैन बिंगबिंग एशिया ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे पॉपुलर और सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। खबरों के अनुसार एक्ट्रेस की नेटवर्थ 100-110 मिलियन डॉलर यानी 820-900 करोड़ रुपए है। चीनी फिल्म इंडस्ट्री में सालों से लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम कर रहीं फैन बिंगबिंग ने नेटवर्थ के मामले में इंडिया ही नहीं कोरियन फिल्म इंडस्ट्री के भी कई सेलेब्स पीछे छोड़ दिए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंडिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन हैं, जिनकी 800 करोड़ नेटवर्थ है।

# परिणीति 25 सितंबर को लेंगी सात फेरे



मुंबई। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा एक लंबे समय से अपनी शादी की तारीख को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। लेकिन हाल ही में सामने आईं रिपोर्ट्स की मानें तो परिणीति और राघव सितंबर के महीने में सात फेरे लेने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि परिणीति 25 सितंबर को राघव की दुल्हनिया बनेंगी। करीबी फ्रेंड्स और फैमिली की मौजूदगी में एक्ट्रेस परिणीति और पॉलिटिशियन राघव की शादी होगी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com